सोच बदली तो गांव बदलाप्रह्लाद डांगरा और उनकी टीम ने एक नारा दिया- सोच बदली तो गांव बदला₹। यह नारा महज शब्दों की जुगलबंदी नहीं थी, यह हर बीबिपुरवासी के दिल की आवाज थी। पुरुषों की मानसिकता में बदलाव आया, महिलाओं को निर्णय लेने का अधिकार मिला, बेटियों को शिक्षा और सम्मान मिला, और गांव की तस्वीर बदलने पंचायतें और जागरूकता कार्यक्रमगांव में महिला ग्राम सभाओं का आयोजन हुआ, जहां महिलाएं खुलकर अपनी समस्याएं और सुझाव रखती थीं। यह लोकतंत्र का सचा रूप था, जिसमें आधी आबादी भी पूरी भागीदारी निभा रही थी। शराबबंदी, दहेज, बाल विवाह और घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर खुलकर बहसें हुईं और समाधान निकाले गए।

राष्ट्रीय स्तर पर पहचानबीबिपुर की इस सामाजिक जागरूकता की लहर ने जल्द ही मीडिया, प्रशासन और विभिन्न सामाजिक संगठनों का ध्यान खींचा। इस गांव को कई राष्ट्रीय और राय स्तरीय पुरस्कार मिले। कई एनजीओ ने यहां मॉडल के रूप में अध्ययन शुरू किया। गांव के बदलाव को डॉक्यूमेंट्रीज़ और शोध-पत्रों में दर्ज किया गया।

अब किताबों में:- प्रेरणा का स्थायी स्थानआज जब सीबीएसई बोर्ड ने बीबिपुर गांव की इस कहानी को कक्षा आठवीं की किताब में शामिल किया है, तो यह किसी पुरस्कार से कम नहीं। यह कहानी अब देशभर के लाखों छात्र-छात्राओं को पढ़ाई जाएगी। वे जानेंगे कि बदलाव के लिए बड़े-बड़े भाषण या योजनाएं जरूरी नहीं होतीं — बस एक व्यक्ति की दृढ़ इछा शक्ति और सामाजिक भागीदारी ही काफी होती है। यह न केवल छात्रों को सामाजिक विज्ञान का पाठ पढ़ाएगी, बल्कि समाज विज्ञान का असली अर्थ भी समझाएगी।

शिक्षा से बदलाव की वापसीबीबिपुर की कहानी बचों को यह सिखाएगी कि गांव का विकास केवल सड़क या इमारतों से नहीं होता, बल्कि विचारों से होता है। यह पाठ छात्रों में सामाजिक नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच का बीज बोएगा। और यही तो शिक्षा का अंतिम उद्देश्य होता है- सोच में परिवर्तन।

क्या बाकी गांव सीखेंगे? बीबिपुर एक मॉडल है, परंतु यह अकेला नहीं होना चाहिए। आज देश के हजारों गांव सामाजिक कुरीतियों से जूझ रहे हैं। कहीं बेटियों की भ्रूण हत्या हो रही है, कहीं खुले में शौच आज भी आम है, कहीं शिक्षा का स्तर बेहद कमजोर है। ऐसे में बीबिपुर की कहानी एक आदर्श प्रस्तुत करती है — अगर वे कर सकते हैं, तो हम क्यों नहीं? सरकारों को चाहिए कि ऐसे उदाहरणों को पाठ्यक्रम से आगे ले जाकर नीति-निर्माण का आधार बनाए। पंचायतों को प्रशिक्षित किया जाए, महिला नेतृत्व को बढ़ावा मिले, और गांवों में मूलभूत बदलाव लाने के लिए ऐसे मॉडल को स्थानीय भाषाओं में प्रचारित किया जाए।

बीबिपुर अब सिर्फ एक गांव नहीं, एक विचार हैबीबिपुर की सफलता की असली कुंजी सहभागिता, जागरूकता और नेतृत्व है। यह गांव बताता है कि असल क्रांति हथियारों से नहीं, सोच की धार से आती है। यह कहानी यह भी बताती है कि कोई गांव छोटा नहीं होता, अगर उसकी सोच बड़ी हो। आज जब बीबिपुर की कहानी स्कूलों में पढ़ाई जाएगी, तो वह सिर्फ एक पाठ नहीं होगी, बल्कि सपनों के बीज बोने वाली प्रेरणा होगी। हो सकता है, किसी बचे के मन में यह कहानी एक चिंगारी जला दे, जो कल किसी और गांव को रोशन कर दे। बीबिपुर अब सिर्फ एक स्थान नहीं, एक आंदोलन, एक प्रेरणा और एक जीवित पाठशाला है- जहां से देश को नई दिशा मिलेगी।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता: एक क्रांतिकारी कदम

ब्रिटेन के साथ यह एफटीए एक उदाहरण है कि कैसे भारत न्यायसंगत और समावेशी व्यापार समझौते कर सकता है, जिसमें न तो अपने किसानों, न ही डेयरी क्षेत्र या छोटे उत्पादकों को नुकसान होता है। भारत ने संवेदनशील क्षेत्रों को समझौते से बाहर रखकर आत्मनिर्भरता और खाद्य सुरक्षा की अपनी नीति को बरकरार रखा है। वर्तमान में भारत का वैश्विक व्यापार लगभग 21 अरब डॉलर है, जो इस समझौते के बाद 2030 तक 120 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना रखता है। यह न केवल विदेशी निवेश को आकर्षित करेगा, बल्कि भारत की मैन्युफैक्चरिंग हिस्सेदारी को 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक बढ़ाने में सहायक होगा।

भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की अंतिम स्वीकृति ने न केवल वैश्विक व्यापार जगत में हलचल मचा दी है, बल्कि भारत के आर्थिक भविष्य को भी एक नई दिशा दी है।

दोनों देशों के बीच आखिरकार फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होने का फायदा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से संरक्षणवाद बढ़ा है, उसमें ऐसे व्यापार समझौतों की भूमिका और भी अहम हो जाती है। इस समझौते से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल अमेरिका बल्कि अन्य देशों को भी भारत की मजबूत होती स्थिति का आइना दिखाया है, जो उनकी दूरगामी एवं कूटनीतिज्ञ राजनीति का द्योतक है। इस समझौते को मौजूदा दौर में दुनियाभर में जारी बहुस्तरीय तनाव, दबाव एवं दादागिरी की राजनीति के बीच एक बेहतर एवं सूझबूझभरी कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है।

यह छिपा नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने शुल्क के मोर्चे पर एक बड़ा द्वंद्व एवं संकट खड़ा कर दिया था। लेकिन भारत ने इस द्वंद्व के बीच झूकने की बजाय नये रास्ते खोजे हैं।

निश्चित ही यह व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) महज एक कागज़ी करार नहीं, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के स्वप्न को मूर्त रूप देने की ठोस रणनीति है। जहां एक ओर यह समझौता 99 प्रतिशत टैरिफ को समाप्त कर वस्त्र, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, कृषि व रत्न-आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को नई उड़ान देगा, वहीं दूसरी ओर छोटे उद्यमों, मछुआरों और किसानों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाएगा। भारत के ग्रामीण अंचलों से हल्दी, दाल, अचार जैसे उत्पाद अब ब्रिटिश बाजारों में अपनी महक फैलाएंगे।

मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में जिस प्रकार से गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता पर जोर दिया, उसी का परिणाम है यह करार। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि अब भारत केवल बाजार नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति बन चुका है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए विश्व से संवाद करता है। यह समझौता सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, यह सेवा क्षेत्र, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, निवेश, सामाजिक सुरक्षा, और दोहरे कराधान जैसे क्षेत्रों में भी भारतीयों के लिए नए दरवाज़े खोलता है। खासकर ब्रिटेन में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए यह राहत का संदेश है, जिन्हें सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट मिल सकेगी। यह समझौता इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि अब तक अमेरिका की ओर से पैदा किये गये किसी दबाव के आगे भारत ने झुकना स्वीकार नहीं किया और उसने भारत-ब्रिटेन जैसे नये विकल्पों को खड़ा करने और पुराने को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाये हैं।

ब्रिटेन के साथ यह एफटीए एक उदाहरण है कि कैसे भारत न्यायसंगत और समावेशी व्यापार समझौते कर सकता है, जिसमें न तो अपने किसानों, न ही डेयरी क्षेत्र या छोटे उत्पादकों को नुकसान होता है। भारत ने संवेदनशील क्षेत्रों को समझौते से बाहर रखकर आत्मनिर्भरता और खाद्य सुरक्षा की अपनी नीति को बरकरार रखा है। वर्तमान में भारत का वैश्विक व्यापार लगभग 21 अरब डॉलर है, जो इस समझौते के बाद 2030 तक 120 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना रखता है। यह न केवल विदेशी निवेश को आकर्षित करेगा, बल्कि भारत की मैन्युफैक्चरिंग हिस्सेदारी को 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक बढ़ाने में सहायक होगा। इस करार के साथ, मोदी सरकार ने साबित कर दिया है कि जब नियोजित दृष्टिकोण, वैश्विक प्रतिष्ठा और साहसिक निर्णय साथ चलते हैं, तो भारत जैसे विकासशील देश भी वैश्विक मंच पर निर्णायक बन सकते हैं।

भारत और ब्रिटेन के बीच सीईटीए के अस्तित्व में आने से एक नये आर्थिक सूर्य का उदय हुआ है, जिससे रोजगार सहित अनेक उन्नत राष्ट्र-निर्माण के अवसर सृजित होंगे। सीईटीए की संकल्पना आस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और कुछ अन्य देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों के अनुरूप ही है। यह मोदी सरकार की भारत को 2047 तक विकसित बनाने की संकल्पना से जुड़ी रणनीति का एक हिस्सा है। मोदी सरकार ने भारत को तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने के अपने संकल्प में नये पंखों को जोड़ते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को फिर से स्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई है। विकसित देशों के साथ एफटीए इस रणनीति के केंद्र में है। ऐसे समझौते व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताओं को दूर करके निवेशकों का विश्वास बढ़ाते हैं। पिछली यूपीए सरकार ने भारत के व्यापारिक दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने वाला रवैया अपनाया था, लेकिन अतीत की उन बड़ी भूलों को सुधारा जा रहा है, जो नये भारत-विकसित भारत का आधार है।

मोदी के मेड इन इंडिया संकल्प की दृष्टि से यह डील बेहद अहम है। इससे करीब 99 प्रतिशत निर्यात यानी यहां से ब्रिटेन जाने वाली चीजों पर टैरिफ से राहत मिलेगी। इसी तरह ब्रिटेन से आनी वाली चीजें भारत में सस्ती मिल सकेंगी। जिससे आम लोगों को अधिक गुणवत्ता वाला सामान सस्ते में सुलभ होगा और जीवनस्तर में व्यापक सुधार होगा। डील से एक बड़ा फायदा होगा टेक्सटाइल्स, लेदर और इलेक्ट्रॉनिक्स को। इनसे मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। अभी ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.8 प्रतिशत है, जबकि चीन की 28.8 प्रतिशत। इसी तरह, देश की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान 17 प्रतिशत है और सरकार इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ाना चाहती है। इस तरह की डील से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर प्रदर्शन में सुधार होगा। कृषि सेक्टर को भी उन्नत बनाने एवं अधिक उत्पाद की दृष्टि से व्यापक फायदा होगा। इसके लिए इस समय भारत की बातचीत अमेरिका से भी चल रही है। लेकिन वहां कृषि और डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर रस्साकशी है। अमेरिका इन दोनों क्षेत्रों में खुली छूट चाहता है, जबकि अपने लोगों के हितों को देखते हुए भारत ऐसा नहीं कर सकता। ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार होने से भारत के कृषि उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

क्रांतिकारी सुधारों, नवाचार, तकनीक, कारोबारी सुगमता और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आर्थिक सूरज के रूप में उभारने में मदद की है, जहां विपुल संभावनाएं हैं। आज दुनिया भारत की ओर आशाभरी नजरों से देख रही है और भारत की अद्भुत विकासगाथा का हिस्सा बनना चाहती है। प्रमुख देशों द्वारा एक के बाद एक एफटीए इसी मान्यता की पुष्टि करते हैं। ब्रिटेन के साथ यह व्यापार समझौता बाजार पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के एफटीए वस्तुओं और सेवाओं से कहीं आगे तक सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं नागरिक हितों तक जाते हैं। आस्ट्रेलियाई एफटीए के साथ भारत ने दोहरे कराधान का मुद्दा सुलझाया, जो आईटी कंपनियों की परेशानी बढ़ा रहा था। ब्रिटेन के साथ समझौते का एक अहम बिंदु दोहरे अंशदान से जुड़ा है। यह ब्रिटेन में नियोक्ताओं, अस्थायी भारतीय कर्मियों को तीन वर्षों के लिए सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट देता है। इससे भारतीय सेवा प्रदाताओं की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों को अब अनेक सुविधाएं मिलेगी।

साल 2014 के बाद से भारत ने मॉरिशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और ईएफटीए के साथ फ्री व्यापारिक समझौते किये हैं। ईएफटीए का अर्थ है यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ। यह एक क्षेत्रीय व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार क्षेत्र है जिसमें चार यूरोपीय देश शामिल हैं- आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड। यूरोप से बातचीत जारी है, जिसे जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए। अर्थ-व्यवस्था के मोर्चे पर आने वाली चुनौतियों से निपटने में ऐसे समझौते सहायक होंगे। इस बीच, अगर भारत की अमेरिका के साथ अच्छी व्यापार डील होती है तो उससे भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर कदम बढ़ेंगे। लेकिन ब्रिटेन से समझौता केवल व्यापार नहीं, भविष्य का निर्माण है। यह कृषि को समृद्धि, उद्योग को विस्तार, युवाओं को अवसर, और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर सशक्त करता है। निश्चित ही जहां बाजार बनते हैं अवसरों के, वहीं नीति बनती है भविष्य की नींव। भारत और ब्रिटेन के इस करार से विश्व सुनेगा अब भारत की गूंज!

- ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

सभार : प्रभासाक्षी

ओवल में भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए जेमी ओवरटन इंग्लिश टीम में शामिल

एजेंसी

लंदन। ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को भारत के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय इंग्लैंड टीम में वापस बुलाया गया है। उन्होंने 2022 में अपने करियर का एकमात्र टेस्ट मैच खेला था। 31 वर्षीय सरे ऑलराउंडर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले संस्करण में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए तीन मैच खेले। उन्होंने 2022 में लीड्स में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ दो विकेट लिए थे और 97 रन बनाए थे। ओवरटन को छोड़कर पिछले मैच में चुने गए 14 खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा गया है।

भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

88 साल पुराना ये रिकॉर्ड अब शुभमन गिल के निशाने पर, एक टेस्ट बाकी और सिर्फ इतने रन दूर

नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम के युवा और होनहार कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड दौरे पर जबरदस्त फॉर्म में हैं। वह न सिर्फ शतक पर शतक जड़ रहे हैं बल्कि अब एक ऐसे रिकॉर्ड की ओर बढ़ रहे हैं जिसे क्रिकेट इतिहास के सबसे महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन ने 88 साल पहले बनाया था। गिल के पास मौका है कि वह एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों की लिस्ट में नंबर वन बन जाएं। मैनचेस्टर टेस्ट में शानदार 103 रनों की पारी खेलने के बाद शुभमन गिल के नाम इस टेस्ट सीरीज में अब तक 722 रन हो चुके हैं। यह आंकड़ा उन्हें महान वेस्टइंडीज ऑलराउंडर सर गैरी सोबर्स के साथ पांचवें स्थान पर ला खड़ा करता है। अब गिल के सामने सिर्फ एक ही चुनौती है - डॉन ब्रैडमैन का ऐतिहासिक रिकॉर्ड। ब्रैडमैन ने 1936/37 की एशेज सीरीज में 810 रन बनाए थे। इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए गिल को 89 रनों की दरकार है। भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी और निर्णायक टेस्ट 31 जुलाई से केनिंग्टन ओवल में खेला जाएगा। शुभमन गिल इस मुकाबले में जब बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे तो उनकी नजरें सिर्फ एक ही लक्ष्य पर होंगी - डॉन ब्रैडमैन से आगे निकलना। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए क्रिकेट प्रेमियों को पूरी उम्मीद है कि गिल यह मुकाम हासिल कर सकते हैं।

पूर्व तेज गेंदबाज ब्रॉड बोले- आर्चर को पांचवें टेस्ट के लिए आराम देकर इस खिलाड़ी को उतारें

लंदन । इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के खिलाफ निर्णायक पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को आराम देना चाहिए जिन्होंने चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी की है। आर्चर ने लॉर्ड्स टेस्ट में वापसी करते हुए तीसरी गेंद पर ही विकेट लिया और मैच में पांच विकेट चटकाए। उन्होंने मैनचेस्टर में पिछला टेस्ट भी खेला। ब्रॉड ने कहा, 'हम चार साल तक आर्चर को बाहर नहीं रख सकते और फिर वापसी के बाद उससे इतनी ज्यादा गेंदबाजी कराके फिर अगले चार साल तक बाहर नहीं कर सकते। आर्चर ने मैनचेस्टर में चार विकेट लिए जबकि इंग्लैंड के बाकी गेंदबाज लय के लिये जूझते नजर आए। ब्रॉड ने कहा, 'मुझे लगता है कि गुस एटकिंसन को खेलना चाहिए। उस पर इतना कार्यभार नहीं रहा है और उसे मौका मिलना चाहिए। टेस्ट क्रिकेट में अभी तक शीर्ष स्तर की टीमों के खिलाफ उसे आजमाया नहीं गया है। उन्होंने कहा, 'ब्रायडन कार्स ने चौथे टेस्ट में पूरी कोशिश की लेकिन वह थका हुआ लग रहा था। जोश टंग ने पहला टेस्ट खेला और निचले क्रम के बल्लेबाजों के ही विकेट लिए लेकिन वह आर्चर का विकल्प हो सकता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि चार साल बाद वापसी करने पर आर्चर को तीन टेस्ट खिलाने चाहिए। अगर एटकिंसन फिट हैं तो उनके घरेलू मैदान पर उन्हें जरूर उतारना चाहिए। इस श्रृंखला के बाद ऑस्ट्रेलिया को नवंबर में एशेज श्रृंखला खेलनी है।

भारत और पाक एशिया कप पर बयान देने पर बुरी तरह फंसे सौरव गांगुली, सोशल मीडिया पर हुई थू-थू

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और 'दादा' के नाम से मशहूर सौरव गांगुली अपने एक हालिया बयान के चलते सोशल मीडिया पर बुरी तरह घिर गए हैं। उन्होंने एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच को लेकर टिप्पणी की थी, जिसके बाद से उन्हें फैंस की भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। एशिया कप 2025 का शेड्यूल जारी हो चुका है और इस टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान का बहुप्रतीक्षित मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। इसी मैच को लेकर जब सौरव गांगुली से पूछा गया, तो उन्होंने, हद्ध से बात करते हुए कहा, मुझे इससे कोई समस्या नहीं है। खेल चलते रहना चाहिए। पहलगाम में जो हुआ, वो नहीं होना चाहिए लेकिन खेल जारी रहना चाहिए। आतंकवाद नहीं होना चाहिए, इसे रोका जाना चाहिए। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। गांगुली के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है और कई फैंस इसे संवेदनहीन बता रहे हैं। लोगों का मानना है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ऐसे बयान से बचना चाहिए था।

ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें टी20 में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया, सीरीज 5-0 से जीती

एजेंसी

बासेटेर (सेंट्स किट्स)। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवां और आखिरी टी20 मैच मंगलवार को जीतकर सीरीज 5-0 से क्लीन स्वीप कर ली। गेंदबाज बेन ड्वार्शुइस (3 विकेट) की शानदार गेंदबाजी और बाद में मिडिल ऑर्डर की दमदार बल्लेबाज़ी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 3 ओवर बाकी रहते हुए 3 विकेट से जीत हासिल की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 171 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और टीम ने 25 रन पर 3 विकेट और 60 पर 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कैमरन ग्रीन (32 रन), टिम डेविड (12 गेंद में 30 रन, 4 छक्के, 1 चौका) और मिशेल ओवेन (37 रन) ने पारी को संभाला। जब ग्रीन आउट हुए, तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 141-6 था और उसे अभी

30 रन की जरूरत थी। हालांकि, आरोन हार्डी ने 28 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को जीत दिला दी। मैच के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने कहा, ÷सीरीज शुरू होने से पहले 5-0 की उम्मीद नहीं थी, लेकिन हमने बेहतरीन क्रिकेट खेला। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने हार की वजह बल्लेबाज़ी को बताया। उन्होंने कहा, ÷हमने कभी भी पूरी तरह सटीक बल्लेबाज़ी प्रदर्शन नहीं किया – या तो अच्छी शुरुआत मिली और अंत खराब रहा, या फिर इसके उलट हुआ। इतने मजबूत विपक्ष के सामने आप इस तरह जीत नहीं सकते।

ड्वार्शुइस की फिरकी में फंसे कैरेबियाई बल्लेबाज

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाज़ी के लिए बुलाया। बेन ड्वार्शुइस ने चौथे ओवर में ब्रैंडन किंग (11) और कप्तान शाई होप (9) को आउट कर टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। इसके बाद वेस्टइंडीज का स्कोर 64-4 हो गया था। यहां से शिमरोन हेटमायर ने संघर्ष करते हुए 31 गेंदों में 52 रन बनाए जिसमें तीन चौके और तीन छक्के शामिल थे। ऐसा लग रहा था कि हेटमायर टीम को एक चुनौतीपूर्ण स्कोर तक ले जाएंगे, लेकिन ड्वार्शुइस ने धीमी बाउंसर पर उन्हें लंबा शॉट खेलने को मजबूर किया और शॉन एबॉट ने लॉन्ग-ऑफ पर कैच लपक लिया। हेटमायर के आउट होने के बाद वेस्टइंडीज 19.4 ओवर तक 170 पर सिमट गई।

अमेठी के जिलाधिकारी और उनकी बेटी ऋषिका चौहान ने शूटिंग में फिर लहराया परचम

एजेंसी

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद के जिलाधिकारी संजय चौहान ने 23 जुलाई से 28 जुलाई तक दिल्ली स्थित डॉक्टर कर्णी सिंह अन्तर्राष्ट्रीय शूटिंग रेंज में आयोजित 28वें प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में मास्टर्स और सिविल सर्वेंट श्रेणी के ट्रैप शूटिंग इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर स्टेट ट्रॉफी अपने नाम किया है। जिला प्रशासन की ओर से सोमवार को इस संबंध में जानकारी दी गयी है। बताया गया कि इसी प्रतियोगिता में जिलाधिकारी अमेठी संजय चौहान की पुत्री कुमारी ऋषिका चौहान ने ट्रैप शूटिंग इवेंट में रजत पदक जीतकर जिले और अपने परिवार का नाम रोशन किया। ऋषिका वर्तमान में कानपुर विश्वविद्यालय की छात्रा हैं। उल्लेखनीय है कि यह उपलब्धि पिता-पुत्री की जोड़ी द्वारा लगातार तीसरे वर्ष भी बरकरार रखी गई है। अब दोनों खिलाड़ी आगामी माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने की तैयारी कर रहे हैं।

कनाडियन ओपन : पहले राउंड में जीत के साथ बाउचर्ड का संन्यास टला

एजेंस

लॉस एंजेल्स। कनाडियन ओपन के पहले राउंड में घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए कनाडा की युजिनी बाउचर्ड ने कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो को 6-4, 2-6, 6-2 से हराकर अपने संन्यास की योजना को फिलहाल टाल दिया। पूर्व वर्ल्ड नंबर-5 बाउचर्ड ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि यह टूर्नामेंट उनके करियर का आखिरी होगा। लेकिन इस जीत के बाद उन्होंने अपने फैसले में एक शर्त जोड़ दी। मैच के बाद कोर्ट पर दिए इंटरव्यू में बाउचर्ड ने कहा, अगर मैं यह टूर्नामेंट जीतती हूं, तो रिटायर नहीं होंगी।यह उनका इस साल का दूसरा सिंगल्स मुकाबला था। उन्होंने पहला सेट दमदार फोरहैंड विनर से जीता, लेकिन दूसरे सेट में लगातार अनफोर्स्ड एरर के चलते अरांगो ने वापसी की। निर्णायक सेट में बाउचर्ड ने 3-1 की बढ़त बनाई और फिर एक शानदार वॉली लगाकर 4-1 की लीड हासिल की। 31 वर्षीय वाइल्डकार्ड बाउचर्ड अब दूसरे दौर में 17वीं सीड स्विट्ज़रलैंड की बेलिंडा बेनसिच से

भिड़ेंगी। ब्रिटेन की एमा राडुकानू ने रोमानिया की एलेना गैब्रिएला रुस को 6-2, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। मैच के बाद राडुकानू ने कहा, किसी करीबी खिलाड़ी के खिलाफ खेलना हमेशा मुश्किल होता है। खुश हूं कि मैं उस भावनात्मक पहलू को अलग रख सकी। जापान की चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका ने कनाडा की क्वालिफायर आरियाना आर्सेनेल्ट को 6-4, 6-2 से हराया। अब वह दूसरे दौर में रूस की 13वीं सीड ल्युडमिला समसोनोवा से भिड़ेंगी। टोरंटो में खेले जा रहे पुरुष वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन ने फ्रांस के बेंजामिन बॉन्ज़ी को 4-6, 6-0, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई, जहां अब उनका सामना टॉप सीड जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

महिला कोपा अमेरिका: पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना को हराकर कोलंबिया फाइनल में

एजेंस

क्विटो। कोलंबिया की महिला फुटबॉल टीम ने खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में अर्जेंटीना को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर कोपा अमेरिका महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। इसके साथ ही टीम ने 2028 लॉस एंजेलेस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। निर्धारित समय और एक्स्ट्रा टाइम में मुकाबला 0-0 की बराबरी पर छूटा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। कोलंबियाई गोलकीपर कैथरीन तापिया ने अर्जेंटीना की पॉलिना ग्रामालिया का शॉट रोककर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। हालांकि, इसके बाद मायरा रामिरेज़ का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया और अर्जेंटीना को वापसी का मौका मिल गया। कोलंबिया की वेंडी बोनिला ने छठा पेनल्टी किक गोल में बदलकर दबाव अर्जेंटीना पर डाल दिया। अर्जेंटीना की एलिआना स्टैबिल गोल करने में नाकाम रहीं और उनका शॉट बार से टकरा गया, जिससे अर्जेंटीना टूर्नामेंट से बाहर हो गई। मैच के बाद

गोलकीपर तापिया ने कहा, हम फाइनल में हैं और ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है, यही हमारा लक्ष्य था। अब हम फाइनल के लिए तैयार हैं। अर्जेंटीना ने शुरुआत में आक्रामक खेल दिखाया। फ्लोरेनसिया बॉनसेगुंडो और यामिला रोड्रिगेज ने कोलंबियाई डिफेंस पर दबाव बनाया, लेकिन तापिया ने बेहतरीन बचाव करते हुए गोल होने से रोक दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से खेल की लय थोड़ी बाधित हुई। कोलंबिया की ओर से रामिरेज, लेइसी सैंटोस और लिंडा कैईसिडो ने गोल के अवसर बनाए, लेकिन उन्हें भुनाया नहीं जा सका।दूसरे हाफ में कोलंबिया ने दबाव और बढ़ाया और वैलेरिन लोबोआ का एक शॉट लगभग गोल में तब्दील होता दिखा, लेकिन अर्जेंटीना की गोलकीपर सोलाना पेरेरा ने शानदार बचाव कर मैच को बराबरी पर बनाए रखा।

युगांडा ने सीएएफ अफ्रीकी नेशंस चैम्पियनशिप के लिए अंतिम टीम की घोषणा की

एजेंसी

कम्पाला। सह-मेजबान यूगांडा ने आगामी कॉन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल (सीएएफ) अफ्रीकी नेशंस चैम्पियनशिप 2024 के लिए अपनी अंतिम 25 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह घोषणा टीम के कोच मॉर्ले बायेकवसो और फ्रेड मुहुमुजा द्वारा की गई। यह टूर्नामेंट केवल घरेलू लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया जाता है और 2 अगस्त से 30 अगस्त तक युगांडा, केन्या और तंजानिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

सीएएफ ने मूल रूप से 2024 में प्रस्तावित इस प्रतियोगिता को ढांचागत सुविधाओं की तैयारियों के कारण एक साल आगे बढ़ाकर 2025 में आयोजित करने का निर्णय लिया था। घोषित युगांडा टीम में विपर्स एससी के मिडफील्डर एलन ओकेलो को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि जोएल मुताकुबवा

और रोजर्स ओचाकी टोराच को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। युगांडा की टीम इस प्रतियोगिता में सातवीं बार भाग ले रही है और ग्रुप सी में उसका सामना दक्षिण अफ्रीका, नाइजर, गिनी और अल्जीरिया से होगा। कोच मॉर्ले बायेकवसो ने एक आधिकारिक बयान में कहा, हमने एक बहुत प्रतिस्पर्धी टीम चुनी है और टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पिछले सप्ताह हमने तंजानिया और सेनेगल के खिलाफ मैच खेले, उनसे हमें अपनी कमियों को सुधारने का मौका मिला। गौरतलब है कि युगांडा अब तक अपने छह प्रयासों में कभी भी ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ सका है।

युगांडा का कार्यक्रम इस प्रकार है:

4 अगस्त÷ बनाम अल्जीरिया (मंडेला नेशनल स्टेडियम, कम्पाला)

8 अगस्तः बनाम गिनी

11 अगस्तः बनाम नाइजर

18 अगस्तः बनाम दक्षिण अफ्रीका

घोषित 25 सदस्यीय टीम इस प्रकार है:

गोलकीपरः डेनिस किग्गुंडु, जोएल मुताकुबवा, क्रिस्पस कुसिमा।

डिफेंडरः अर्नोल्ड ओडोंग, निकोलस म्वेरे, गिडियोन ओडोंग, हर्बर्ट अचाई, रोजर्स टोराच, लाजारो मुहिंडो, हिलेरी मुकुंदाने, गैविन किज़िटो।

कुपवाड़ा ने आईडीपीएल बेसबॉल अंडर-19 बालक चैंपियनशिप जीती

एजेंसी

कुपवाड़ा। अंतर जिला प्रांतीय स्तर (आईडीपीएल) बेसबॉल अंडर-19 बालक चैंपियनशिप आज कुपवाड़ा जिले के पुंजवा स्थित हकनियाबाद स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुई। इस चैंपियनशिप में कुपवाड़ा की टीम ने पुलवामा के खिलाफ फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।रोमांचक फाइनल में कुपवाड़ा की टीम ने एक मजबूत लक्ष्य निर्धारित करते हुए 4 होम रन पूरे किए। पुलवामा की टीम को खिताब जीतने के लिए

5 होम रन की आवश्यकता थी लेकिन वह पूरे मैच के दौरान केवल एक होम रन ही पूरा कर पाई। इस प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ कुपवाड़ा की टीम ने प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया। युवा सेवा एवं खेल जिला कुपवाड़ा ने कुपवाड़ा की टीम को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई दी और पुलवामा की टीम को उनके प्रयासों और खेल भावना के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा विभाग ने बताया कि अंडर-14 बॉयज़ बेसबॉल टीमें आगामी मैचों के लिए आने वाली हैं जो 29 से 30 जुलाई 2025 तक उसी स्थान हकनियाबाद स्पोर्ट्स स्टेडियम पुंजवा में आयोजित किए जाएंगे।

दिव्या देशमुख ने कोनेरू हम्पी को हराकर जीता फिडे महिला शतरंज विश्व कप का खिताब

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की दिव्या देशमुख ने हमवतन कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक में हराकर जॉर्जिया के बटुमी में फिडे महिला शतरंज विश्व कप का खिताब जीत लिया। 19 वर्षीय दिव्या ने पहले गेम में संतुलित ड्रॉ खेलने के बाद, मौजूदा महिला विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी के खिलाफ दूसरे रैपिड गेम में जीत हासिल की।

दूसरे गेम में काले मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने अनुभवी हम्पी की अंतिम गेम की गलतियों का फायदा उठाकर बढ़त हासिल की और अपने युवा करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। मैच के निर्णायक क्षण में जब मुकाबला भारी मोहरों के साथ ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, हम्पी ने मोहरों की बलि देकर मैच को आगे बढ़ाने की कोशिश की। लेकिन दिव्या के दबाव में उनका यह दांव नाकाम

रहा। दिव्या ने जल्द ही अपनी रानी और एक हाथी की अदला-बदली की, ताकि वह ऐसा एंडगेम बना सके जहाँ वह अपनी मोहरों और समय की बढ़त के दम पर बढ़त हासिल कर सकें और ऐसा ही हुआ।निर्णायक क्षण तब आया, जब हम्पी ने 54वीं चाल में ...R&fy खेला, जिससे दिव्या के लिए एक फाइल खुल गई और उनके प्यादे को प्रमोशन की ओर बढ़ने का रास्ता मिल गया। दिव्या ने 67वीं चाल द्ध5 के साथ लगभग खेल पर अपनी पकड़ खो दी थी, जिससे हम्पी को मुकाबले में वापसी का मौका मिल सकता था। लेकिन समय के दबाव में हम्पी ने 67वीं चाल पर प्यादा बढ़ाने का गलत फैसला किया, जिससे उनका खेल वहीं समाप्त हो गया। 38 वर्षीय हम्पी ने 75वीं चाल के बाद हार स्वीकार कर ली। यह टूर्नामेंट में किसी ग्रैंडमास्टर के खिलाफ दिव्या की लगातार चौथी जीत थी। इससे पहले उन्होंने चीन की झू जिनर को प्री-क्वार्टरफाइनल में, भारत की डी. हरिका को क्वार्टरफाइनल में और चीन की तान झोंगयी को सेमीफाइनल में हराया था। इस जीत के साथ दिव्या ने 50,000 (41.6 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि भी अपने नाम की, जबकि हम्पी को 35,000 (29.1 लाख रुपये) मिले।

हॉकी इंडिया सब-जूनियर मेंस नेशनल चैंपियनशिप 2025 का भव्य आगाज

एजेंसी

चेन्नई। चेन्नई में शुरू हुई 15वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर मेंस नेशनल चैंपियनशिप 2025 का पहला दिन रोमांचक मुकाबलों से भरा रहा। प्रतियोगिता के पहले दिन डिवीजन 'सी' और डिवीजन 'बी' में कुल पांच मुकाबले खेले गए, जिनमें जम्मू-कश्मीर, हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार, हॉकी उत्तराखंड, हॉकी गुजरात और छत्तीसगढ़ हॉकी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शानदार शुरुआत की।

पहले मैच में जम्मू-कश्मीर ने राजस्थान को 4-0 से पराजित किया। टीम की ओर से गुरकीरत सिंह (5') ने शुरुआती गोल किया, जिसके बाद वरुणप्रीत सिंह (37'), जसजोत सिंह (49') और दक्ष शर्मा (57') ने भी एक-एक गोल दागे। दूसरे मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार ने हॉकी मिजोरम को कड़ी टक्कर में 2-1 से हराया। बिहार के लिए अजय कुशवाहा (15') और अमृतांशु पांडेय (56') ने गोल किए, जबकि मिजोरम की ओर से लालडमपुइया पचुआउ (26') ने एकमात्र गोल किया।

तीसरे मुकाबले में हॉकी उत्तराखंड ने त्रिपुरा को 4-0 से शिकस्त दी। मैच की शुरुआत में ही कृष्णा (3', 7') ने दो गोल किए, जबकि अंकित (4') और कप्तान सार्थक महार (6') ने एक-एक गोल कर टीम की बढ़त

को निर्णायक बना दिया।

डिवीजन 'बी' के मुकाबले:

हॉकी गुजरात ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए हॉकी अरुणाचल को 5-1 से हराया। गुजरात के लिए दिव्येशभाई रुध्यानभाई वाघ (49', 53') ने दो गोल किए, जबकि विजय परमार (40'), कप्तान पीयूष पटेल (50') और संदीप परमार (58') ने एक-एक गोल दागे। अरुणाचल की ओर से शशांक कुमार (56') ने सांत्वना गोल किया।

ओरिएंटल कप 2025 : गर्ल्स फाइनल में संस्कृति स्कूल का सामना गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी से

एजेंसी

नई दिल्ली। ओरिएंटल कप 2025 के छठे दिन रोमांच चरम पर पहुंच गया, जहां लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों के फाइनलिस्ट तय हो गए। गर्ल्स फाइनल में संस्कृति स्कूल का मुकाबला गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फरीदाबाद से होगा, जबकि बॉयज़ खिताबी भिड़ंत मदर इंटरनेशनल स्कूल (एमआईएस) और डीपीएस आरके पुरम के बीच होगी। दोनों फाइनल मुकाबले कल 29 जुलाई को डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस अवसर पर 1980 मास्को ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता और पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान ज़फ़र इक़बाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। वे युवा खिलाड़ियों को अपने अनुभव और प्रेरणा से लाभान्वित करेंगे। दिन की शुरुआत में गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फरीदाबाद ने सेंट फ्रांसिस डी सेल्स को 4-0 से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। टीम के लिए ईशु ने पहला गोल किया, जबकि निधि की शानदार हैट्रिक ने टीम को फाइनल में पहुंचाया। ग्रुप ए में गत चैंपियन संस्कृति स्कूल ने अमेठी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा को 3-0 से हराया। अदिति चमौली ने दो गोल दागे और अमीना अब्दाली ने एक गोल जोड़ते हुए टूर्नामेंट में अपने 10 गोल पूरे किए। कोच केशव चंद्र डुकलान के मार्गदर्शन में संस्कृति स्कूल लगातार तीसरे फाइनल में पहुंचा है।

महिला क्रिकेट: प्रेंडरगास्ट का जलवा बरकरार, आयरलैंड ने ज़िम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज़ में भी किया क्लीन स्वीप

एजेंसी

बेलफास्ट। ऑर्ला प्रेंडरगास्ट (नाबाद 67 रन) की एक और शानदार पारी की बदौलत आयरलैंड ने खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में ज़िम्बाब्वे को चार विकेट से हराकर दो मैचों की वनडे सीरीज़ 2-0 से अपने नाम कर ली। इससे पहले आयरिश टीम ने टी20 सीरीज़ में भी ज़िम्बाब्वे का 3-0 से सूपड़ा साफ किया था।

ज़िम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया, लेकिन एक बार फिर उनकी शीर्ष क्रम की

आयरलैंड के लिए अलाना डैलजेल ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 10 ओवर में 36 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि लारा मैकब्राइड ने 3 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही।

बल्लेबाज़ी लड़खड़ा गई। 17वें ओवर तक स्कोर 54/4 हो गया। ऐसे में कप्तान चिपो मुगेरी (56) और मोडेस्टर मुपाचिक्वा (45) ने पारी को संभालते हुए पांचवें विकेट के लिए 94 रनों की अहम साझेदारी की। हालांकि एक बार इस जोड़ी के टूटने के बाद ज़िम्बाब्वे की पारी फिर से ढह गई। टीम 148/4 से 178 रन पर ढेर हो गई। आयरलैंड के लिए अलाना डैलजेल ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 10 ओवर में 36 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि लारा मैकब्राइड ने 3 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही। पावरप्ले के अंदर ही सारा फोर्ब्स और एमी हंटर सस्ते में आउट हो गईं। लेकिन कप्तान गैबी लुईस (44) और प्रेंडरगास्ट ने तीसरे विकेट के लिए 49 रन जोड़ते हुए पारी को संभाला। गैबी लुईस भले ही अपने अर्धशतक से चूक गईं, लेकिन प्रेंडरगास्ट ने संयमित बल्लेबाज़ी करते हुए 72 गेंदों में नाबाद 67 रन बनाए, जिसमें 7 चौके शामिल थे। उन्होंने न सिर्फ अपनी टीम को जीत दिलाई, बल्कि प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज़ दोनों खिताब भी अपने नाम किए।

संक्षिप्त स्कोर:

ज़िम्बाब्वेः 178 ऑलआउट (49.1 ओवर) - चिपो मुगेरी 56, मोडेस्टर मुपाचिक्वा 45; अलाना डैलजेल 4/36, लारा मैकब्राइड 3/22

आयरलैंडः 182/6 (38.5 ओवर) - ऑर्ला प्रेंडरगास्ट 67*, गैबी लुईस 44; लोरेन त्शुमा 4/35

परिणामः आयरलैंड ने यह मैच 4 विकेट से जीता और सीरीज़ 2-0 से अपने नाम की।

देश का औद्योगिक उत्पादन जून में 10 महीने के निचले स्तर 1.5 फीसदी पर

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के औद्योगिक उत्पादन में गिरावट दर्ज हुई है। खनन और बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर जून में सुस्त पड़कर 10 माह के निचले स्तर 1.5 फीसदी पर आ गई है। औद्योगिक उत्पादन इससे पिछले साल जून में 4.9 फीसदी की दर से बढ़ा था। मानसून के जल्दी आने से खनन और बिजली क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने मई महीने के जारी औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर के आंकड़े को भी संशोधित कर 1.9 फीसदी कर दिया है, जबकि इससे पहले इसके 1.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया था। आंकड़ों के मुताबिक अगस्त, 2024 के बाद औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि सबसे कम है, उस समय इसकी वृद्धि दर स्थिर रही थी। एनएसओ के जारी आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन की वृद्धि जून में मामूली रूप से बढ़कर 3.9 फीसदी रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 3.5 फीसदी थी। खनन क्षेत्र के उत्पादन में 8.7 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि एक साल पहले इसमें 10.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। इसी तरह बिजली क्षेत्र के उत्पादन में जून में 2.6 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में इसमें 8.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई थी। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) की अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन में दो फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में इसमें 5.4 फीसदी की वृद्धि हुई थी।

आयकर विभाग को तकनीकी गड़बड़ी के चलते खारिज ई-रिटर्न की प्रोसेसिंग के लिए समय मिला

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल आयकर रिफंड के दावों को प्रोसेसिंग में त्रुटि पूर्ण तरीके से अमान्य किये गये मामलों में प्रोसेसिंग प्रक्रिया के लिए समय सीमा में छूट प्रदान की है। यह निर्णय विगत में दाखिल कुछ मामलों में प्रोसेसिंग के दौरान तकनीकी दिक्कतों की शिकायत मिलने के बाद किया गया है। बोर्ड में इस संबंध में परिपत्र संख्या -10/2025 जारी किया है?। सीबीडीटी ने जारी परिपत्र में कहा है कि उसे आयकर के सीपीसी बेंगलुरु को विभिन्न तकनीकी कर्म से कुछ रिटर्न को त्रुटि पूर्ण तरीके से अमान्य किए जाने के संबंध में शिकायतें मिलने की सूचना मिली थी। परिपत्र में कहा गया है कि ऐसे रिटर्न के संबंध में प्रोसेसिंग की समय सीमा नियमानुसार बढ़ा दी गयी है और संबंधित करदाताओं को अब उनके रिटर्न के बारे में सूचना 31 मार्च 2026 तक भेज दी जाएगी। सीबीडीटी ने कहा है कि ऐसे मामलों में ब्याज सहित रिफंड की कार्यवाही की जाएगी लेकिन इसके लिए संबंधित मामलों में पेन और आधार का लिंक होना जरूरी है।

नये डिजिटल क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल पर एमएसएमई के 98,995 ऋण आवेदन मंजूर

नई दिल्ली। सरकार ने लोकसभा में बताया कि सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई क्षेत्र) की इकाइयों की सुविधा के लिए लागू नये डिजिटल क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल के अंतर्गत चालू वित्त वर्ष में पहली अप्रैल से 15 जुलाई के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) द्वारा कुल 98,995 ऋण आवेदन मंजूर किए गए हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में सदन को यह जानकारी देते हुए कहा कि नये डिजिटल क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल के माध्यम से बैंक ऋण पर निर्णय एक दिन के भीतर लिया जाता है, जिससे मैनुअल तरीकों की तुलना में कार्य निष्पादन समय (टीएटी) में काफी कमी आयी है। इस मॉडल के उपयोग से एमएसएमई इकाइयों को ऑनलाइन मोड में कहीं से भी आवेदन प्रस्तुत करने की आसानी, कागजी कार्रवाई और शाखा में जाने की आवश्यकता कम होने, डिजिटल मोड के माध्यम से तत्काल मंजूरी, ठोस सूचना और कारोबार के आधार पर ऋण संबंधी निर्णय जैसे लाभ हो रहे हैं। मंत्री ने बताया कि नए मॉडल के तहत ऋण संबंधी निर्णय उधारकर्ता के वस्तुनिष्ठ आंकड़ों तथा कारोबार के व्यवहार और आवेदक के कर्ज संबंधी इतिहास पर आधारित होता है। केंद्रीय बजट 2024-25 में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए नये डिजिटल ऋण मूल्यांकन मॉडल की घोषणा की गई थी।

गेहूं नरम, चावल महँगा, गुड़-चीनी, दालें महँगी, खाद्य तेलों में घटबढ़

नई दिल्ली। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल के दाम बढ़ गये जबकि गेहूं में गिरावट रही। गुड़ और चीनी के भाव भी चढ़े। दालों के दाम बढ़े हैं जबकि खाद्य तेलों में उतार चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 34 रिंगिट गिरकर 4,239 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। अमेरिका में सोया तेल वायदा में 0.03 प्रतिशत की तेजी रही और यह 56.01 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 84 रुपये बढ़कर 3,813.84 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुँच गयी। वहीं, गेहूँ 13 रुपये की नरमी के साथ 2,823.83 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 18 रुपये सस्ता होकर 3,282.27 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। सरसों तेल 66 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मूँगफली तेल औसतन 34 रुपये प्रति क्विंटल महँगा हुआ। सोया तेल 80 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति करीब 30 रुपये प्रति क्विंटल महँगा हुआ। सूरजमुखी तेल में 53 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गयी। पाम ऑयल के दाम लगभग स्थिर रहे। दाल-दलहनों में तेजी रही। दलहन बाजार में मसूर दाल में औसतन 95 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गयी।

राजस्थान को मनरेगा में केंद्र सरकार ने दिए 4384 करोड़ रुपये-शिवराज सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कृषि भवन में मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, केंद्रीय कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव शैलेष सिंह, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट सहित दोनों केंद्रीय मंत्रालयों और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग की ओर से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना के तहत 3286 करोड़ रुपये मजदूरी मद में, 944 करोड़ रुपये मटेरियल कॉम्पोनेंट के तथा प्रशासनिक मद में 154 करोड़

रुपये यानी कुल मिलाकर 4384 करोड़ रुपये की राशि राजस्थान को इसी वित्तीय वर्ष में दी गई है। इस पर मुख्यमंत्री भजनलाल ने केंद्रीय मंत्री चौहान को राज्य की ओर से धन्यवाद दिया। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की प्रगति पर भी चर्चा हुई। इस दौरान शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इस महत्वपूर्ण योजना के तहत राजस्थान में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। वृहद स्तर पर सर्वे किया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि आगे बनने वाले आवासों के सर्वे के सत्यापन का कार्य जैसे ही पूरा हो जाएगा, वैसे ही तुरंत अतिरिक्त मकानों के निर्माण की स्वीकृति दे दी जाएगी। राजस्थान में 7.46 लाख मकान बनाए जाना है, जिनमें से पीएम-जनमन योजना के तहत भी निर्माण होना है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को बारे में भी बैठक में चर्चा हुई। कृषि से जुड़े मुद्दों में 'पर ड्रॉप-मोर क्रॉप', बारिश का पानी संग्रहित करने के लिए तालाब रूपी डिग्गी निर्माण और खेतों में तार की बाड़ लगाने को लेकर योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति पर चर्चा हुई। वहीं, जयपुर के बस्सी क्षेत्र में कृषि की उल्लेखनीय प्रगति को लेकर भी बातचीत हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्र सरकार की मदद से ग्राम पंचायत स्तर पर 'कृषि पर्यवेक्षकों' की व्यवस्था की मंशा भी जताई। विभिन्न विषयों के साथ-साथ अंतरराज्यीय व्यापार को मजबूत करने, राजस्थान की बेहतर मूंगफली किस्मों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें अधिसूचित करने एवं राजस्थान के लोकप्रिय अरंडी के तेल के संवर्धन को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को राजस्थान में मानसून की अच्छी प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष राजस्थान में अपेक्षा अनुरूप अच्छी बारिश हुई है, जिसका असर निश्चित तौर पर अच्छी फसल के रूप में देखने को मिलेगा।

औद्योगिक एवं संस्थागत विकास में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आधारभूत योगदान को किया गया याद

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के औद्योगिक एवं संस्थागत विकास में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आधारभूत योगदान को याद किया। भारी उद्योग मंत्रालय ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात राज्यमंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने अपने संबोधन में संविधान सभा के सदस्य के रूप में और बाद में केंद्रीय उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में डॉ. मुखर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। वर्मा ने देश के औद्योगिक और संस्थागत विकास में डॉ. मुखर्जी के मूलभूत योगदान को भी रेखांकित किया। उन्होंने अपने संबोधन में उन्हें एक प्रखर विद्वान, राजनेता, निर्भीक सांसद और शिक्षाविद् के रूप में याद किया, जिनका जीवन साहस, दृढ़ विश्वास और एक राष्ट्र, एक संविधान में अटूट विश्वास का एक कालातीत प्रतीक बना हुआ है। इस अवसर पर डॉ. मुखर्जी विरासत और योगदान को श्रद्धांजलि स्वरूप एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गयी। यह फिल्म उनके जीवन की दुर्लभ झलकियों और प्रभावशाली वर्णन के जरिए उन्हें एक राष्ट्र निर्माता और दूरदर्शी नेता के रूप में प्रस्तुत करती है, विशेष रूप से भारत के औद्योगिक विकास की नीव रखने में उनकी भूमिका को रेखांकित करती है। इससे पहले उद्घाटन भाषण में भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिजवी ने भारत के औद्योगिक विकास के लिए डॉ. मुखर्जी के विजन पर बल दिया, विशेष रूप से राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर औद्योगिक आधार बनाने पर उनके जोर को रेखांकित किया।

सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार, सोना-चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। लगातार पांच दिनों की गिरावट के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज के कारोबार में सोना और चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण आज भी देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,920 रुपये से लेकर 1,00,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज सोमवार के भाव 91,590 रुपये से लेकर 91,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच ही बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी बदलाव नहीं होने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,15,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई

में 24 कैरेट सोना 99,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

भारत में पिछले 6 वित्तीय वर्षों में 12,000 लाख करोड़ रुपये के 65,000 करोड़ से अधिक हुए डिजिटल लेनदेन

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में डिजिटल लेन-देन में वित्त वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। पिछले छह वित्त वर्षों में 65,000 करोड़ से अधिक डिजिटल लेन-देन हुए हैं, जिनकी कुल राशि 12,000 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने देशभर में भुगतान के डिजिटलीकरण की सीमा को मापने के लिए डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) विकसित किया है। पंकज चौधरी ने एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि सरकार देश में डिजिटल भुगतान को अपनाने की दर बढ़ाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई), फिनटेक, बैंकों और राज्य सरकारों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही है, जिसमें टियर-2 और टियर-3 शहर भी शामिल हैं। वित्त

राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक और सवाल के जवाब में कहा कि 1 अप्रैल से 15 जुलाई, 2025 के बीच नए क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की ओर से कुल 98,995 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) ऋण आवेदन मंजूर किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नए डिजिटल क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल के माध्यम से बैंक ऋण पर निर्णय एक दिन के भीतर लिया जाता है, जिससे मैनुअल तरीकों की तुलना में टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) में काफी कमी आती है। उन्होंने सदन को बताया कि केंद्रीय बजट 2024-25 में एमएसएमई के लिए नए डिजिटल ऋण मूल्यांकन मॉडल की घोषणा की गई थी। इस मॉडल में यह परिकल्पना की गई थी कि पीएसबी बाहरी मूल्यांकन पर निर्भर रहने के बजाय एमएसएमई को ऋण प्रदान करने के लिए अपनी आंतरिक क्षमता का निर्माण करेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अर्थव्यवस्था में एमएसएमई के डिजिटल फुटप्रिंट्स के स्कोरिंग के आधार पर एक नया ऋण मूल्यांकन मॉडल विकसित करेंगे। इसके बाद केंद्रीय वित्त मंत्री ने 6 मार्च, 2025 को एमएसएमई के लिए नए ऋण मूल्यांकन मॉडल का शुभारंभ किया था।

स्टॉक मार्केट में मोनार्क सर्वेयर्स की जोरदार एंट्री, लिस्टिंग के बाद बना बिकवाली का दबाव

एजेंसी

नई दिल्ली। सिविल इंजीनियरिंग कंसल्टेंसी फर्म मोनार्क सर्वेयर्स एंड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूती के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 250 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 68.50 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 421.25 रुपये के स्तर पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के तुरंत बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण कंपनी के शेयरों में गिरावट आ गई। सुबह 10.30 बजे तक का कारोबार होने के बाद भी कंपनी के शेयर 407 रुपये के स्तर पर पहुंचे हुए थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों का मुनाफा घटकर 62.80 प्रतिशत के स्तर पर आ गया है। मोनार्क सर्वेयर्स एंड इंजीनियरिंग

कंसल्टेंट्स का 93.75 करोड़ रुपये का आईपीओ 22 से 24 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 250.65 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 179.01 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 317.05 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 263.01 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 37.50 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नई मशीनरी खरीदने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 8.59 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 30.01 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 34.83 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी के राजस्व में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। 2022-23 में कंपनी को 11.68 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जो 2023-24 में बढ़ कर 42.78 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 51.10 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

डॉलर के मुकाबले 13 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

एजेंसी

नई दिल्ली। स्टॉक मार्केट में विदेशी संस्थागत निवेशकों की जमकर बिकवाली के कारण आज रुपया डॉलर की तुलना में गिरावट के साथ बंद हुआ। मुद्रा बाजार में भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 13 पैसे फिसल कर 86.66 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय मुद्रा 86.53 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 6 पैसे की मजबूती के साथ 86.47 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान कुछ समय के लिए डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपया 13 पैसे की मजबूती के साथ 86.40 के स्तर तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों बिकवाली शुरू करके डॉलर की निकासी शुरू कर दी। ऐसा होने पर मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग बढ़ गई, जिससे रुपये पर भी दबाव बढ़ गया। डॉलर की मांग तेज होने पर रुपया ऊपरी स्तर से 27 पैसे फिसल कर 14 पैसे की कमजोरी के साथ 86.67 के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि बाद में मुद्रा बाजार में डॉलर की आवक बढ़ने पर रुपये की स्थिति में मामूली सुधार हुआ और भारतीय मुद्रा ने 86.66 के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। कैपेक्स गोल्ड एंड इंवेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता का मानना है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय शेयर बाजार से अपने पैसे की निकासी के साथ ही वैश्विक बाजार में जारी उथल पुथल ने आज भारतीय मुद्रा को कमजोर करने में अहम भूमिका निभाई।

ई-श्रम पोर्टल पर 30.95 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिक पंजीकृत

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में ई-श्रम पोर्टल पर 22 जुलाई, 2025 तक 30.95 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिक पंजीकृत हो चुके हैं। इस पोर्टल का उद्देश्य असंगठित श्रमिकों को स्व-घोषणा के आधार पर एक सार्वभौमिक खाता संख्या (यूएएन) प्रदान करके उनका पंजीकरण और सहायता करना है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने 26 अगस्त, 2021 को आधार से जुड़े असंगठित श्रमिकों (एनडीयूडब्ल्यू) का एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करने के लिए ई-श्रम पोर्टल (eshram.gov.in) की शुरुआत की थी। उन्होंने सदन को बताया कि अब तक विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों की चौदह 14 योजनाओं को पहले ही ईश्रम के साथ एकीकृत/मैप किया जा चुका है,

ताकि ईश्रम कार्डधारकों को सामाजिक सुरक्षा, बीमा अथवा कौशल विकास कार्यक्रमों के लाभ और पहुँच प्रदान की जा सके, जिसमें प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएमस्वनिधि), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना (एनएफबीएस), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, (एमजीएनआरईजीएस), प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी (पीएमएवाई-यू), प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई), प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई), वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) शामिल हैं। इसके अलावा ई-श्रम को प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम), राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस), स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), नए युग के शासन के लिए एकीकृत मोबाइल एप्लिकेशन (उमंग), डिजिटल लॉकर (डिजिलॉकर), माईस्कीम और ओपन गवर्नमेंट डेटा प्लेटफॉर्म (ओजीडी) के साथ भी जोड़ा गया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था वृद्धि की राह पर अग्रसरः वित्त मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर रुख के साथ वृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि कर्ज वृद्धि में सुस्ती जरूर चिंता का विषय है। वित्त मंत्रालय ने जून, 2025 के लिए जारी मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में घरेलू आपूर्ति और मांग की बुनियाद मजबूत दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अर्थव्यवस्था स्थिर रुख के साथ वृद्धि के रास्ते पर अपनी गति को बनाये हुए है। रिपोर्ट के मुताबिक मुद्रास्फीति लक्ष्य के दायरे में रहने और मानसून में अच्छी प्रगति के साथ घरेलू अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत

मजबूती के साथ वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में प्रवेश की है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर तनाव और नहीं बढ़ा है, लेकिन वैश्विक नरमी, विशेष रूप से अमेरिका में कमजोर आर्थिक वृद्धि दर भारतीय निर्यात की मांग को और कम कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी की आर्थिक वृद्धि दर 2025 की पहली तिमाही में 0.5 फीसदी घटी है, जो भारतीय निर्यात की मांग को और कम कर सकती है। मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है, अमेरिकी टैरिफ के मोर्चे पर जारी अनिश्चितता आने वाली तिमाहियों में भारत के व्यापार प्रदर्शन पर असर डाल सकती है।

एम एंड बी इंजीनियरिंग का आईपीओ 30 जुलाई को

एजेंसी

अहमदाबाद। एम एंड बी इंजीनियरिंग लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 30 जुलाई को खुलेगा और इसमें 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले शेयर के आवेदन मूल्य का दायरा 366 से 385 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि उसका आईपीओ बुधवार, 30 जुलाई को खुलेगा और शुक्रवार 01 अगस्त को बंद होगा। एंकर निवेशक मंगलवार को बोली लगा सकेंगे। छोटे निवेशक न्यूनतम 38 या उसकी गुणक संख्या में शेयरों के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह

निर्गम प्रस्तावित 650 करोड़ रुपये तक का है, जिसमें 275 करोड़ रुपये मूल्य तक के नये इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और वर्तमान शेयरधारक शेयर बाजार में 375 करोड़ रुपये मूल्य तक के शेयर बिक्री के प्रस्ताव (ओएफएस) के तहत बेचने वाले हैं। कंपनी ने आईपीओ के पैसे से उपकरण और मशीनरी की खरीद, भवन तथा सौर रूफटॉप ग्रिड के निर्माण और वाहनों की खरीद की योजना बना रखी है। इसके अलावा वह इस पैसे से सूचना प्रौद्योगिकी सॉफ्टवेयर उन्नयन तथा पुराने ऋणों के पूर्व-भुगतान करेगी और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य पूरे करेगी।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10.33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिए गए : सुरेश गोपी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत देशभर में 01 जुलाई, 2025 तक लगभग 10.33 करोड़ एलपीजी गैस कनेक्शन वितरित किए जा चुके हैं। ये योजना मई 2016 में देशभर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को बिना जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गयी थी।केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री सुरेश गोपी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मई 2016 में शुरू की गई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 8 करोड़ कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य सितंबर, 2019 में हासिल कर लिया गया था। शेष गरीब परिवारों को शामिल करने के लिए अगस्त, 2021 में उज्ज्वला 2.0 शुरू की गई थी, जिसका लक्ष्य 1 करोड़ अतिरिक्त पीएमयूवाई कनेक्शन जारी करना था, जो जनवरी 2022 में हासिल कर लिया गया। सुरेश गोपी ने सदन को बताया कि इसके बाद सरकार ने उज्ज्वला 2.0 के तहत 60 लाख और एलपीजी कनेक्शन जारी करने का निर्णय लिया। यह लक्ष्य

दिसंबर 2022 के दौरान 1.60 करोड़ उज्ज्वला 2.0 कनेक्शन का लक्ष्य भी हासिल कर लिया गया। इसके अलावा सरकार ने पीएमयूवाई योजना के तहत अतिरिक्त 75 लाख कनेक्शन जारी करने को मंजूरी दी थी, जो जुलाई 2024 तक हासिल कर लिया गया है। इस तरह 01 जुलाई, 2025 तक देशभर में 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन हैं।पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री ने बताया कि पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी को और अधिक किफायती बनाने और उनके द्वारा एलपीजी के निरंतर उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने मई 2022 में पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर पर 200 रुपये की लक्षित सब्सिडी शुरू की। सरकार ने अक्टूबर 2023 में लक्षित सब्सिडी को बढ़ाकर 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर पर 300 रुपये कर दिया। पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को 300 रुपये प्रति सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी के बाद भारत सरकार दिल्ली में 553 रुपये प्रति सिलेंडर की प्रभावी कीमत पर 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के बारे में जागरूकता पैदा करने और एलपीजी के उपयोग से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए तेल विपणन कंपनियां नियमित रूप से ग्राहकों के लिए एलपीजी पंचायतों का आयोजन करती हैं। सरकार ने पीएमयूवाई लाभार्थियों द्वारा एलपीजी के बेहतर उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें सब्सिडी राशि से ऋण वसूली स्थगित करना, अग्रिम नकद व्यय को कम करने के लिए 14.2 किलोग्राम से 5 किलोग्राम तक स्वैप विकल्प, 5 किलोग्राम डबल बोतल कनेक्शन का विकल्प, लाभार्थियों को निरंतर आधार पर एलपीजी का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री एलपीजी पंचायत का आयोजन और जन जागरूकता शिविर आदि शामिल हैं।

ट्रंप के दावों पर स्टार्मर का पलटवार, 'पवन ऊर्जा महंगी नहीं, भविष्य की जरूरत है'

एजेंसी

लंदन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच सोमवार को हुई संयुक्त चर्चा के दौरान पवन ऊर्जा (विंड टर्बाइन्स) को लेकर खुली असहमति देखने को मिली। ट्रंप ने विंड टर्बाइन्स को सबसे महंगी और बदसूरत ऊर्जा करार दिया, जबकि स्टार्मर ने इसका विज्ञान और आर्थिक दृष्टिकोण से बचाव किया। डोनाल्ड ट्रंप ने पवन ऊर्जा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सबसे महंगी है और यह खेतों, मैदानों और जलमार्गों की सुंदरता नष्ट कर देती है। ये टर्बाइन्स चीन में बनते हैं और केवल आठ साल में जंग लगने लग जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि तेल और गैस जमीन के एक छोटे से छेद से हजार गुना ज्यादा ऊर्जा दे सकते हैं। पवन ऊर्जा अस्थिर है, इसे भारी सब्सिडी की ज़रूरत होती है। हमने अमेरिका में इसे प्रतिबंधित किया है क्योंकि यह पक्षियों को भी मार देती है। ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया स्वरूप ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि पवन ऊर्जा न केवल सस्ती होती जा रही है, बल्कि यह ब्रिटेन की ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरणीय लक्ष्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम निवेश कर रहे हैं पवन ऊर्जा में क्योंकि यह हमारी भावी पीढ़ियों के लिए जरूरी है। यह साफ-सुथरी, टिकाऊ और घरेलू स्रोतों से बनने वाली ऊर्जा है, जो हमें रूस या खाड़ी देशों पर निर्भर नहीं रहने देती।

भूख से जूझते लोगों की संख्या में लगातार तीसरे वर्ष गिरावट, 2024 में वैश्विक स्तर पर सुधार : संयुक्त राष्ट्र

अदीस अबाबा/न्यूयॉर्क। कोविड महामारी के बाद उपजी वैश्विक खाद्य संकट की स्थिति से दुनिया अब धीरे-धीरे उबरती दिख रही है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में भूख से जूझने वाले लोगों की संख्या लगातार तीसरे वर्ष घटी है। हालांकि अफ्रीका और पश्चिमी एशिया में जलवायु संकट और संघर्ष के चलते कुपोषण की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में लगभग 673 मिलियन (67.3 करोड़) लोग, यानी दुनिया की 8.2 प्रतिशत जनसंख्या, भूख का सामना कर रही थी। यह आंकड़ा 2023 में 8.5त था, जो अब गिरकर 8.2फीसदी हो गया है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने कहा कि भारत और दक्षिण अमेरिका में खाद्य पहुंच में सुधार के चलते वैश्विक स्तर पर भूख में यह गिरावट संभव हुई है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि अफ्रीका और पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में जारी संघर्ष, जलवायु परिवर्तन, और ऋण संकट इन सुधारों को पलट सकते हैं।टोरेरो ने इथियोपिया में यूएन खाद्य सम्मेलन के दौरान कहा कि यदि संघर्ष बढ़ता रहा, असुरक्षा और कर्ज का बोझ बढ़ता रहा, तो भूख से जूझने वालों की संख्या दोबारा बढ़ सकती है।

गाजा में इजराइली हमले जारी, गर्भवती महिला और नवजात समेत 36 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा/तेल अवीव। युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में इजराइली हमलों का कहर सोमवार को भी जारी रहा, जिसमें कम से कम 36 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में एक गर्भवती महिला और उसका नवजात शिशु भी शामिल हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब गाजा में भुखमरी और मानवीय संकट लगातार गहराता जा रहा है। इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद कुछ मानवीय राहत उपायों की घोषणा की है। बीते दिन रविवार को इजराइली सैन्य प्रशासन ने घोषणा की कि गाज़ा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी क्षेत्रों में हर दिन सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक सैन्य कार्रवाई रोकी जाएगी, ताकि राहत सामग्री के वितरण और सुरक्षित मार्गों को सुनिश्चित किया जा सके। हालांकि, हुए हवाई हमले घोषित अस्थायी युद्धविराम की समयसीमा के बाहर हुए, और इजरायली सेना ने इन हमलों पर कोई तत्काल टिप्पणी नहीं की है।

भूटान के गलेफू शहर में लगी आग से मची अफरा-तफरी

गेलेफू (भूटान)। भारत के असम (चिरांग जिला) से सटे पड़ोसी देश भूटान के गेलेफू शहर में भयावह आग लगने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। यह घटना भारत-भूटान अंतरराष्ट्रीय सीमा के दादगिरी से भूटान के गेलेफू शहर के प्रवेश द्वार के पास स्थित नव-निर्मित इमिग्रेशन कार्यालय में घटी। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, अनुमान है कि यहां चल रहे निर्माण के दौरान विद्युत शार्ट सर्किट के कारण आग लगने की घटना घटी। आधिकारिक जांच अभी जारी है, इस हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। बताया जा रहा है कि आग नवनिर्मित गेट के इमिग्रेशन काउंटर पर लगी। भूटानी अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं फिलहाल आग पर काबू पाने के लिए काम कर रही हैं। घटना के बाद, भूटानी अधिकारियों ने सीमा पार आवाजाही को अस्थायी रूप से रोक दिया है।

श्रीलंका के पूर्व नौसेना प्रमुख उलुगेटेने अपहरण और हत्या के केस में जेल भेजे गए

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व नौसेना प्रमुख निशांत उलुगेटेने को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने 15 साल पुराने अपहरण और हत्या के केस में गिरफ्तार किया है। इस केस के कई अन्य संदिग्धों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सीआईडी ने निशांत उलुगेटेने को आज पोलगाहवेला मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उलुगेटेने को न्यायिक हिरासत में केगाले रिमांड जेल भेज दिया। श्रीलंका के समाचार पोर्टल न्यूज फर्स्ट की खबर के अनुसार उनकी गिरफ्तारी 15 साल पहले के पोथुहेरा इलाके के एक व्यक्ति के अपहरण और कथित हत्या से जुड़ी है। उस समय उलुगेटेने नौसेना खुफिया विभाग के

प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। जांच अधिकारियों का मानना है कि पीड़ित को कथित तौर पर उलुगेटेने की कमान में संचालित एक अनधिकृत हिरासत केंद्र में रखा गया। हिरासत केंद्र से भेजे गए एक पत्र के सामने आने के बाद मामले को फिर से खोला गया और नए सिरे से जांच की गई। इस घटना के सिलसिले में कई संदिग्धों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

पूर्व डीआईजी झूठी शिकायत दर्ज कराने के आरोप में गिरफ्तार

इसके अलावा सीआईडी ने पूर्व डीआईजी प्रियंता जयकोडी को कथित तौर पर एक झूठी शिकायत दर्ज कराने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इसमें दावा किया गया था कि अंडरवर्ल्ड सरगना केहलबद्दारा पद्मे ने उन्हें धमकी दी थी। पुलिस ने कहा कि पूर्व वरिष्ठ अधिकारी वर्तमान में स्वास्थ्य कारणों से कोलंबो नॉर्थ टीचिंग अस्पताल में सीआईडी की हिरासत में हैं।

दक्षिण कोरिया: पत्नी से जुड़े मामले की पूछताछ में नहीं पेश हुए पूर्व राष्ट्रपति योल

एजेंसी

सोल । गिरफ्तार दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल मंगलवार को विशेष जांच दल के सामने पेश नहीं हुए। यह पेशी उनकी पत्नी किम क्योन ही से जुड़े विभिन्न आरोपों के जांच के सिलसिले में होनी थी। पूर्व राष्ट्रपति यून और उनकी पत्नी पर चुनावी नामांकनों में हस्तक्षेप करने के आरोप हैं। इस मामले में उन्हें विशेष वकील मिन जुंग-की के ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे निर्धारित समय पर नहीं पहुंचे। यून की ओर से उनकी गैर-हाजिरी को लेकर अभी तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति इससे पहले मार्शल लॉ डिक्री की जांच कर रही एक अन्य विशेष जांच टीम की पूछताछ से भी कन्नी काट चुके हैं। स्वास्थ्य कारणों का हवाला दे वो पेश नहीं हुए थे। इसके जवाब में, विशेष वकील मिन जुंग-की की टीम ने यून के पक्ष को सूचित किया है कि उन्हें बुधवार सुबह 10 बजे पूछताछ के लिए उपस्थित होना होगा।अगर यून पूछताछ के लिए लगातार इनकार करते हैं, तो टीम उन्हें जबरन लाने पर विचार कर सकती है।पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल पर 2022 के उपचुनाव में पीपल पावर पार्टी (पीपीपी) के एक उम्मीदवार के नामांकन में हस्तक्षेप करने का संदेह है। योल पर आरोप है कि उन्होंने 2022 के उपचुनाव के लिए पूर्व सांसद किम यंग-सुन को पार्टी का टिकट दिलवाने में मदद की थी। इसके बदले उन्होंने कथित तौर पर खुद को पावर ब्रोकर कहने वाले म्यंग ताए-क्युन से फ्री ओपिनियन पोल प्राप्त किया था; यह सब उस साल के राष्ट्रपति चुनाव से पहले हुआ।

पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को 2023 के आठ मामलों में नहीं दी जमानत

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 09 मई, 2023 के आठ मामलों में जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने उनके वकील के अनुरोध पर नोटिस भी नहीं जारी किए और इन मामलों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 12 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी।

डान अखबार की खबर के अनुसार नवंबर, 2024 में लाहौर की एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने 09 मई, 2023 के दंगों से संबंधित मामलों में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को जमानत देने से इनकार कर दिया था। इस केस में लाहौर कोर कमांडर के घर पर हमला भी शामिल था। जेल में बंद पीटीआई नेता ने इसे लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी। उच्च न्यायाल ने 24 जून को उनकी याचिका खारिज कर दी। इमरान ने पिछले सप्ताह लाहौर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश याह्या अफरीदी की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने

आज इन याचिकाओं पर विचार किया। पीटीआई महासचिव सलमान अकरम राजा अपने नेता इमरान की ओर से अदालत में पेश हुए, क्योंकि उनके मुख्य वकील सलमान सफदर देश से बाहर होने के कारण सुनवाई में शामिल नहीं हो सके। राजा ने पीठ को सूचित किया कि सफदर ने सुनवाई अगले सप्ताह तक स्थगित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अनुरोध किया कि मामले से संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए जाएं और सुनवाई अगले हफ्ते के लिए निर्धारित की जाए। पीठ ने अनुरोध को अस्वीकार करते हुए सुनवाई 12 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी।

अमेरिका में बंदूकधारी ने पुलिस अधिकारी समेत चार की जान ली, खुद को भी उड़ा लिया

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में न्यूयॉर्क शहर के मिडटाउन मैनहट्टन के पार्क एवेन्यू में एक गगनचुंबी इमारत में शाम घुसे बंदूकधारी ने एक पुलिस अधिकारी समेत चार लोगों के जिस्मों को छलनी कर दिया। आखिर में पुलिस की गोली से घायल संदिग्ध बंदूकधारी ने खुद को गोलीमार कर आत्महत्या कर ली।

न्यूयॉर्क पोस्ट की खबर के अनुसार, पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एआर-15 राइफल लेकर घुसे व्यक्ति ने गगनचुंबी इमारत में घुसकर गोलियों की बौछार कर दी। इस गोलीबारी में न्यूयॉर्क शहर के एक पुलिस अधिकारी समेत चार लोगों की मौत हो गई। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से घायल संदिग्ध बंदूकधारी ने खुद को गोली मार ली। इस गोलीबारी में मारे गए पुलिस अधिकारी की पहचान 36 वर्षीय दीदारुल इस्लाम के रूप में हुई है। वह ब्रोंक्स पुलिस थाने में तैनात थे। पुलिस अधिकारियों ने संवाददाता

सम्मेलन में बताया कि इस्लाम साढ़े तीन साल से पुलिस विभाग में थे। फिलहाल वह 345 पार्क एवेन्यू स्थित इस गगनचुंबी इमारत में तैनात थे। इस इमारत में ब्लैकस्टोन निवेश फर्म का मुख्यालय है। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि हमलावर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। न्यूयॉर्क की पुलिस कमिश्नर जेसिका टिश ने बताया कि हमलावर की पहचान 27 वर्षीय शेन तमुरा के रूप में हुई है। वह लास वेगास का रहने वाला है। उसने यह खूनखराबा 33वीं मंजिल पर किया। इसके बाद खुद भी गोलीमार कर जान दे दी। टिश ने कहा कि उसकी गाड़ी सोमवार शाम 4:24 बजे कोलंबिया (न्यू जर्सी) में देखी गई थी।

बलूचिस्तान में 'सेना उठा ले गई' लोगों को, रिहाई की मांग पर क्वेटा में प्रदर्शन

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इस साल मई के आखिरी हफ्ते से गायब राजनीतिक कार्यकर्ता गनी बलूच के परिवार, रिश्तेदारों और अन्य लोगों ने संघीय सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर अपना गुस्सा जताया। क्वेटा में प्रेस क्लब के सामने हुए इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि गनी बलूच को तत्काल रिहा किया जाए। परिवार का आरोप है कि गनी को सुरक्षा बल के जवान ले गए थे। इस दौरान आरोप लगाया गया कि सेना लोगों को उठाकर ले जाती है। इसके बाद उन लोगों का कुछ भी पता नहीं चल रहा। द बलूचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार क्वेटा प्रेस क्लब के सामने रविवार को हुए विरोध प्रदर्शन में परिवार ने कहा कि गनी बलूच को 25 मई को पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने हिरासत में लिया था। तब से उनके बारे में कुछ भी पता नहीं चल रहा। विरोध प्रदर्शन का आयोजन गनी बलूच के परिवार ने किया। इसमें वॉयस फॉर बलूच मिसिंग पर्सन्स (वीबीएमपी), नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के सदस्यों और जबरन गायब अन्य लोगों के रिश्तेदारों ने भाग लिया। गनी बलूच के परिवार ने बताया कि वह निराश हो चुके हैं। उन्होंने 27 मई को खुजदार पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कराने की कोशिश की। एसएचओ ने शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया। लिखित आवेदन भी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने अगले दिन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया। वहां से भी कोई सहयोग नहीं मिला। इसके बाद बलूचिस्तान उच्च न्यायालय और खुजदार सत्र न्यायालय में याचिका दायर की। तब भी न तो कोई प्राथमिकी दर्ज की गई है और न ही कोई प्रभावी कानूनी कार्रवाई की गई। नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ने बयान में कहा कि राजनीतिक रूप से जागरूक युवा और पार्टी सदस्य गनी बलूच को जबरन गायब करना यह दर्शाता है कि बलूच लोगों का शांतिपूर्ण राजनीतिक संघर्ष संघीय सरकार को स्वीकार्य नहीं। वॉयस फॉर बलूच मिसिंग पर्सन्स के नेताओं ने भी इस घटना की निंदा की है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि गनी बलूच समेत अन्य सभी लापता व्यक्तियों की तत्काल रिहाई की जाए। द बलूचिस्तान पोस्ट के स्थानीय सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान के केच और बरखान जिलों से चार बलूच लोगों को जबरन गायब कर दिया है। लापता लोगों की पहचान मेहरान बलूच, निजाम बलूच, अब्दुल रहमान सैलानी और अदनान पुत्र गफूर के रूप में हुई है। मेहरान और निजाम को पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने केच जिले के सरनाकन इलाके में हिरासत में लिया था। एक अलग घटना में अब्दुल रहमान सैलानी को कथित तौर पर पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने 15 जुलाई को बरखान जिले के रखनी इलाके में हिरासत में लिया था। उनका ठिकाना भी अभी तक पता नहीं चल पाया है। इसके अलावा रविवार रात पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने केच जिले के दश्त के दारचको इलाके से अदनान पुत्र गफूर को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि उन्हें किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है।

पीएम हुन मानेट का दावा, सीजफायर के बाद कंबोडिया-थाईलैंड सीमा पर सुधरे हालात

एजेंसी

नोम पेन्ह । कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट के अनुसार सोमवार आधी रात से युद्धविराम लागू होने के बाद कंबोडिया-थाईलैंड सीमा पर स्थिति सुधरी है। अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हुन मानेट ने कहा, मलेशिया में एक विशेष बैठक में कंबोडिया और थाईलैंड के बीच हुए समझौते की भावना के अनुरूप, सोमवार आधी रात से युद्धविराम लागू होने के बाद सीमावर्ती क्षेत्र में स्थिति सुधरी है।

उन्होंने कहा, जल्द से जल्द दुश्मनी का खत्म होना प्रभावित लोगों, जैसे कि विस्थापितों, को उनके घर लौटने और सामान्य जीवन दोबारा शुरू करने का मौका देगा। कंबोडियाई सीनेट अध्यक्ष समदेच टेको हुन सेन ने मंगलवार सुबह अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पोस्ट किया, ÷यह युद्धविराम और शांति समझौता सकारात्मक और प्रभावी परिणाम दे रहा है। समाचार एजेंसी अनुसार, मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने मलेशिया में आयोजित बैठक में बताया कि थाईलैंड और कंबोडियाई नेता सोमवार देर रात से युद्धविराम लागू करने पर सहमत हो गए हैं। मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की मध्यस्थता में कुआलालंपुर में हुई वार्ता के बाद, कंबोडिया और थाईलैंड ने तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम पर सहमति जताई।

संयुक्त प्रेस स्टेटमेंट के अनुसार, यह विशेष बैठक मलेशिया के पुत्राजया शहर में प्रधानमंत्री इब्राहिम की अध्यक्षता, मेजबानी और निगरानी में आयोजित हुई। इस चर्चा में कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट और थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई ने हिस्सा लिया।

बांग्लादेश से सऊदी अरब जा रहे विमान में आई खराबी, एक घंटे बाद लौटना पड़ा ढाका

एजेंसी

ढाका । बांग्लादेश से यात्रियों को लेकर सऊदी अरब जा रहे बांग्लादेश के विमान को तकनीकी खराबी की वजह से ढाका वापस लौटना पड़ा। यात्रियों को दूसरे विमान से रवाना किया गया। बांग्लादेश की राष्ट्रीय विमानन कंपनी 'बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस' के साथ इस हफ्ते दूसरी बार ऐसा हुआ है। 'बिमान' एशिया और यूरोप के लगभग 16 देशों में उड़ानों का संचालित करती है। ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस के बोइंग बोइंग 777-ईआर ने दम्मम (सऊदी अरब) के लिए शाम होने से कुछ पहले 3:33 बजे उड़ान भरी। यह उड़ान एक घंटे हवा में रहने के बाद शाम 4:33 बजे ढाका लौट आई। बाद में यात्रियों को



एक अन्य विमान से दम्मम भेजा गया। बिमान कंपनी के सूत्रों के अनुसार, हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लौटी उड़ान की क्षमता लगभग 450 यात्रियों की है। यह लगभग भरी हुई थी। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद पायलट को एक तकनीकी खराबी का पता चला। उसने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वापस लौटने का फैसला किया।बिमान कंपनी के जनसंपर्क विभाग के कार्यवाहक प्रबंधक अल मसूद खान ने बताया कि पायलट को केबिन प्रेशर से संबंधित एक चेतावनी संकेत मिला था। एहतियात के तौर पर बिना कोई जोखिम उठाए विमान को वापस ढाका लाया गया। यात्रियों को बाद में एक अन्य विमान से दम्मम भेजा गया। कंपनी की इंजीनियरिंग टीम ने निरीक्षण के बाद उसे परिचालन की मंजूरी दी है। अब इसे बाद में एक और उड़ान के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इससे पहले 24 जुलाई की सुबह सवा सात बजे दुबई से यात्रियों को लेकर आ रहे इसी कंपनी के एक विमान में चटगांव के शाह अमानत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से ढाका के लिए उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी आ गई थी। इस वजह से उसे चटगांव वापस लौटना पड़ा था। सनद रहे कि 11 जुलाई को बम की धमकी मिलने की वजह से काठमांडू जाने वाले इस कंपनी के विमान को निर्धारित समय से लगभग साढ़े चार घंटे बाद रात नौ बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना किया गया था।

चीन में भारी बारिश और बाढ़ से तबाही, 30 लोगों की मौत

एजेंसी

बीजिंग। चीन की राजधानी बीजिंग में भारी बारिश और बाढ़ से 30 लोगों की जान चली गई।जबकि 80 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। बीजिंग मौसम विज्ञान सेवा का अनुमान है कि मंगलवार तक मूसलाधार बारिश जारी रहेगी। जिससे हालात और बिगड़ने का अंदेशा है। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक बीजिंग में हो रही अत्यधिक बारिश से भारी नुकसान हुआ है। आपदा के कारण शहर भर में कुल 30 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें मियुन जिले 28 और यानकिंग जिले में 2 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही बीजिंग में बाढ़ में फंसे कुल 80,332 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। तीन जिले मियून, हुआइरो और फांगशान में सबसे बड़ी संख्या में लोगों को स्थांतरित किया गया है।मियून और

हुआइरौ जिलों में भीषण बाढ़ से हुई भारी जनहानि और संपत्ति की क्षति को देखते हुए राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग ने आपातकालीन पुनर्वास प्रयासों में बीजिंग की सहायता के लिए केंद्र सरकार के बजट से 200 मिलियन युआन (27.9 मिलियन डॉलर) की तत्काल राशि आवंटित की है।

'गणभवन' की संरचना में बदलाव को लेकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर अवामी लीग का हमला

एजेंसी

ढाका । बांग्लादेश की अवामी लीग ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के आधिकारिक निवास 'गणभवन' में संरचनात्मक बदलाव करने के फैसले को लेकर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की कड़ी आलोचना की है। पार्टी ने इस फैसले को 'गैर-जिम्मेदाराना और अपमानजनक' करार दिया है। पार्टी ने इस कदम को देश की लोकतांत्रिक विरासत पर हमला बताते हुए अंतरिम प्रशासन पर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम करने का आरोप लगाया। पार्टी ने इस कदम को 'गैर-जिम्मेदाराना और अपमानजनक' बताते हुए गणभवन परिसर के अंदर 'तथाकथित सामूहिक कब्रिस्तान' बनाने के 'अवैध, फासीवादी कब्जाधारी यूनुस और उनके गुट के राजनीति से प्रेरित प्रयास' पर गंभीर चिंता जताई।अवामी लीग ने बयान जारी करते हुए कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह अवैध कब्जा करने वाला समूह यह समझने में नाकाम रहा है कि गणभवन शेख हसीना का निजी आवास नहीं है। यह बांग्लादेश के शासनाध्यक्ष का आधिकारिक आवास है। इसे राष्ट्रीय संसद परिसर की वास्तुशिल्प योजना के अनुरूप डिजाइन किया गया है। प्रतिष्ठित अमेरिकी वास्तुकार लुई आई काहन ने संसद भवन और उसके आसपास की संरचनाओं का डिजाइन तैयार किया था।

जनसंख्या गिरावट को देखते हुए चीन ने की चाइल्ड केयर सब्सिडी की घोषणा, प्रति बच्चा हर साल 500 डॉलर

एजेंसी

बीजिंग। पिछले तीन साल से जनसंख्या में गिरावट का सामना कर रहे चीन ने दंपतियों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रव्यापी शिशु देखभाल नकद सब्सिडी नीति की घोषणा की है। सरकार का कहना है कि यह बच्चों के पालन-पोषण करने वाले परिवारों पर वित्तीय दबाव कम कर देश की जन्मदर को बढ़ावा देने के उद्देश्य लाई गई है। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक चीन की सरकार तीन वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे के माता-पिता को प्रति वर्ष 3,600 युआन (502 डॉलर) का नकद भुगतान करेगी। यह सब्सिडी बच्चे के तीन साल का होने तक दी जाएगी। 1 जनवरी, 2025 से पहले जन्मे और अभी भी तीन साल से कम उम्र के बच्चों के लिए यह सब्सिडी पात्र महीनों की संख्या के आधार पर आनुपातिक रूप से दी जाएगी। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने

बयान जारी कर कहा है कि राष्ट्रव्यापी बाल देखभाल सब्सिडी प्रणाली लागू करना एक नई नीति है जो लाखों परिवारों को प्रभावित करती है। इस नीति से हर साल शिशुओं और छोटे बच्चों वाले 2 करोड़ से ज़्यादा परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है। एनएचसी के अनुसार, सभी स्थानीय निकाय बाल देखभाल सब्सिडी प्रणाली के लिए विस्तृत कार्यान्वयन योजनाएँ बनाने में लगे हुए हैं और इसके क्रियान्वयन की तैयारी कर रहे हैं। अगले माह अगस्त के अंत में देशभर में बाल देखभाल सब्सिडी के लिए आवेदन शुरू होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन साल से देश की जनसंख्या में लगातार गिरावट आ रही है और संयुक्त राष्ट्र जनसांख्यिकी मॉडल का अनुमान है कि इस गिरावट के जारी रहने पर यह आज की 1.4 बिलियन से घटकर 2100 तक 800 मिलियन हो जाएगी। पिछले वर्ष चीन में 9.54 मिलियन बच्चे पैदा हुए, जो 2016 की तुलना में आधी संख्या है। खास बात यह है कि साल 2016 में चीन ने तीन दशकों से लागू अपनी एक-बच्चा नीति खत्म की थी

। हाल के वर्षों में पाया गया है कि चीन में विवाह दरों में भी भारी गिरावट आई है और ज्यादातर युवा दंपति बच्चों के पालन-पोषण पर होने वाले भारी-भरकम खर्च और करिअर संबंधी चिंताओं के चलते बच्चे पैदा करने से कतराते हैं।

कैसे करें दूध उत्पादन व्यवसाय

सी एम शर्मा

दूध उत्पादन व्यवसाय या डेयरी फार्मिंग छोटे व बड़े स्तर दोनों पर सबसे ज्यादा विस्तार में फैला हुआ व्यवसाय है। दूध उत्पादन व्यवसाय व्यावसायिक या छोटे स्तर पर दूध उत्पादन किसानों की कुल दूध उत्पादन में मदद करता है और उसकी आर्थिक वृद्धि को बढ़ाता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि, भारत में कई वर्षों से डेयरी व्यवसाय या दूध उत्पादन ने आर्थिक वृद्धि में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुल दूध उत्पादन ने हमारे देश की अर्थव्यवस्था में बड़े स्तर पर भागीदारी की है और बहुत से गरीब किसानों को अपना व्यवसाय स्थापित करने में सहयोग किया है। यदि किसी के पास दूध उत्पादन का व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रारंभिक पूंजी है तो इस दूध उत्पादन व्यवसाय को किसी भी क्षेत्र में आसानी से स्थापित किया जा सकता है।

छोटे स्तर पर दूध देने वाले पशुओं को बढ़ावा देने की भारत में सामान्य प्रथा है। कुछ किसान आधुनिक दूध उत्पादन (डेयरी व्यवसाय) तरीकों को नहीं जानते हैं। डेयरी व्यवसाय तकनीकी ज्ञान के अभाव के कारण कभी-कभी वे लाभ प्राप्त करने के स्थान पर निवेश की लागत को भी खो देते हैं। अधिकतम दूध उत्पादन और डेयरी व्यवसाय से लाभ को सुनिश्चित करने के साथ ही सभी चीजों का योजना के अनुसार प्रबंध करने के लिए उचित व्यवसाय योजना के साथ प्रभावी रणनीति बनाना बहुत आवश्यक है।

डेयरी व्यवसाय या दूध उत्पादन व्यवसाय क्या है?

दूध उत्पादन भारत में सबसे सामान्य व्यवसाय है, जिसमें दूध का उत्पादन अधिकतम करने के लिए किसान दूध के उत्पादन के लिए गाय और भैंसों का प्रबंध करते हैं, चाहे वह उत्पादन छोटे स्तर पर हो या बड़े स्तर पर। इस कारोबार में पशुओं के स्वास्थ्य की निगरानी सहित उनके लिए आवश्यक दवा, उचित भोजन, दूध देने वाले उपकरणों का समुचित उपयोग, कचरे का प्रबंधन आदि कुछ विशिष्ट जिम्मेदारियां होती है, हालांकि यह अन्य व्यवसायों की तुलना में शुरू करने में आसान है। कुछ दुग्ध उत्पादक स्वयं दूध उत्पादन करके उसे वितरित करते हैं, हालांकि उनमें से कुछ डेरी की प्रक्रिया के लिए कंपनियों को दूध की आपूर्ति करते हैं।

डेरी व्यवसाय शुरू करने के लिए सबसे आसान कारोबार है हालांकि इसके लिए कुछ विशेष ज्ञान की आवश्यकता पड़ती है और इसे बड़े स्तर का व्यवसाय बनाने के लिए कुछ तकनीकों के प्रयोग की आवश्यकता होती है। कुछ शिक्षित लोग इसे पूरी योजना के साथ डेरी विज्ञान, कृषि, इससे संबंधित अन्य क्षेत्रों में डिग्री लेने के द्वारा करते हैं। एक सफल दुग्ध उत्पादक बनने के लिए किसी को भी इस क्षेत्र में अच्छा अनुभव रखने की आवश्यकता है। एक दुग्ध उत्पादक की जिम्मेदारियां डेरी व्यवसाय के आकार और कार्यों के अनुसार अलग-अलग होती हैं। छोटे दुग्ध उत्पादकों को बड़े प्रयासों की आवश्यकता होती है और इनका विकास भी धीरे-धीरे होता है, वहीं बड़े उत्पादकों को अधिक पूंजी की आवश्यकता होती है लेकिन इसकी प्रवृत्ति व्यक्ति और देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि करने की होती है।

चाहे आप इस व्यापार को छोटे स्तर पर करें या बड़े स्तर पर, दोनों को ही चारे का प्रबंधन, खिलाने, दुहने (दूध निकालने), प्रसंस्करण आदि की आवश्यकता होती है। एक दुग्ध उत्पादक को पशुओं के स्वास्थ्य के प्रबंधन और अन्य चिकित्सकीय स्थितियों के लिए पशु चिकित्सकों के साथ ही पोषण विशेषज्ञों के सहयोग की आवश्यकता होती है। उन्हें दूध के उत्पादन को अधिकतम करने के लिए घुमावदार (रोटेरी) और समानांतर दूध निकालने की आधुनिक प्रणालियों का प्रयोग करना चाहिए, जो किसानों को बड़ी संख्या में कम समय में गायों और भैंसों का दूध निकालने में मदद करती है। वहीं दूध निकालने के पुराने तरीके के लिए अधिक पर्यवेक्षण और प्रयासों सहित अधिक मेहनत की जरुरत होती है। यदि सभी चीजों का सही तरीके से प्रबंध किया जाए तो किसान दिन में तीन बार दूध प्राप्त कर सकते हैं।

दुग्ध उत्पादन का विस्तार

दुग्ध उत्पादन बड़े स्तर का व्यवसाय है और यह वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था में पिछले दो वर्षों में 8-9त्न वृद्धि हुई है। डेरी क्षेत्र भारत के बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में से एक है, क्योंकि यह बड़े स्तर पर भारत की अर्थव्यवस्था में भागीदारी करता है। यह कारोबारी क्षेत्र है, जो बहुत से अशिक्षित और शिक्षित बेरोजगार लोगों को लाभदायक रोजगार प्रदान करता है। यह बड़े व्यापारियों की अनुपूरक आय का स्रोत है। यह किसी भी व्यक्ति के द्वारा थोड़ी सी पूंजी को लगाकर और डेरी का थोड़ा सा ज्ञान प्राप्त करके शुरू किया जा सकता है। इसने ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी के उन्मूलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है क्योंकि वंचितों के परिवार ने सूखे के दौरान 75-85त्न आय दूध उत्पादकों से प्राप्त की थी। इसने देश में बड़े स्तर पर देश में रोजगार को पैदा किया है।

यह क्षेत्र पूरे भारत में अधिक डेरी उद्यमियों का निर्माण कर सकता है, जो नए रोजगारों का सृजन करने के माध्यम से पूरे समाज के कल्याण के लिए कार्य कर सकते हैं। वे शिक्षित बेरोजगार युवाओं, भारत में नौकरी के अभाव में गरीबी से जूझता हुआ सबसे बड़े वर्ग को नई नौकरियों का निर्माण करके भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के द्वारा बेहतर योगदान देने के योग्य बनाता है। यह गैर-परंपरागत संसाधनों के उपयोग में सुधार लाएगा, जैसे- सौर ऊर्जा, उत्पादों द्वारा कृषि, बारिश का पानी, जैविक खाद आदि। यह नए दुग्ध उत्पादकों का निर्माण करके नई तकीनीकियों की मांग में सुधार कर रहा है। यह गरीबी के स्तर को कम करने, पोषित भूख को पूरा करने, आय और समानता को बढ़ाने में अपना योगदान दे रहा है। दूध के उत्पाद और पशुओं के निर्यात उन्मुखीकरण के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि हुई है। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उन्नत वैज्ञानिक तकनीकों के विकास ने पशुओं में बीमारियों के उभरने, प्रजनन नीति के खतरों को कम किया है। इस प्रकार, भविष्य में जनसंख्या में वृद्धि के साथ दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में वृद्धि होगी।

दूध उत्पादन में सफलता/ लाभदुग्ध उत्पादन सफल कारोबार है। हमें केवल दूध उत्पादन के कारोबार को शुरू करने से पहले योजनाओं, प्रभावी रणनीतियों को बनाने और उसके अनुसार अपने मस्तिष्क को तैयार करने की आवश्यकता है। यह बहुत अधिक महंगा कारोबार नहीं है और किसी के भी द्वारा, जो इसके बारे में अच्छे से जानता हो तो उसके द्वारा इसकी शुरुआत थोड़ी सी पूंजी लगाकर की जा सकती है, हालांकि इसे 100% सफल बनाने के लिए, एक व्यक्ति को भीड़ में दौड़ने और बंद आंखों के साथ अपना कारोबार शुरु करने की आवश्यकता नहीं होती है। एक व्यक्ति जो गंभीरता से इस व्यवसाय को शुरू करना चाहता है, तो उसे व्यापार शुरू करने से पहले अपनी आंखों को खोलने, पक्ष-विपक्ष का विश्लेषण करने, इस कारोबार के बारे में सबकुछ विस्तार से जानने और आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता होती है। यदि हम सही तरीके की रणनीति के साथ दुग्ध उत्पादन को शुरू करेंगे तो निश्चय ही हम इसमें बड़ी सफलता प्राप्त कर लेंगे।

वर्तमान में बहुत सी प्रौद्योगिकियों और तकनीकी सहयोग की उपलब्धता है, जो हमारे डेरी व्यवसाय को सफल कारोबार बना सकती है। यह आजकल भारत में एक लाभदायक और आकर्षक व्यवसाय है, जो अधिकतर भारतीय किसानों के साथ ही वाणिज्यिक व्यापारियों के रूप में चल रहा है। हमारे पास पूरी तरह से विकसित और प्रभावी ईआरपी सॉफ्टवेयर की किस्में हैं, जो पूरी प्रक्रिया के दौरान उत्पादन के साथ सहयोग कर सकती हैं। हमारे पास अत्याधुनिक उत्पादन संयंत्र के राज्य को स्थापित करने की सभी सुविधाएं हैं। यह बहुत ही समय और भंडारण विशिष्ट व्यवसाय है, जो तत्काल परिणाम नहीं देता है, हालांकि समय के साथ ठोस परिणाम देता है। इस व्यवसाय के लिए बहुत अधिक धैर्य, समय और भरोसे की आवश्यकता होती है।

यदि आप इस व्यवसाय में वृद्धि प्राप्त करना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको कारोबार के मानदंड स्थापित करके उसी के अनुसार कार्य करना चाहिए। आप इस कारोबार में दूध की गुणवत्ता को बनाए रखने और दूध उत्पादन व्यवसाय के उत्पादन के द्वारा सफलता को बनाए रख सकते हैं। दूध उत्पादन आर्थिक विकास के लिए अच्छा अवसर है, हालांकि किसी को इस व्यवसाय को शुरू करने के लिए इसकी प्रक्रिया और व्यवसाय की प्रकृति को जानना आवश्यक है। यह वह व्यवसाय है, जो दूध, दही, घी, मट्ठा, मख्खन, आइसक्रीम, दूध उत्पादकों, मवेशियों का गोबर (बिजली, बायो-गैस, उच्च गुणवत्ता वाले जैविक उर्वरक आदि), स्वयं पशुओं आदि के माध्यम से बहुआयामी लाभ प्रदान करते हैं

दूध उत्पादन को शुरू करने के लिए भारत सरकार के द्वारा अनुदान के रूप में बहुत अधिक मदद की जाती है। भारत सरकार ने देश में लोगों को हरित ऊर्जा के उपयोग की ओर प्रोत्साहित करने के लिए दूध उत्पादन के कार्य के लिए 20-25त्न अनुदान (सब्सिडी) देने की घोषणा की है। दूध उत्पादन तब तक लाभदायक व्यवसाय नहीं बन सकता, जब तक कि हम दूध की गुणवत्ता में कमी करने रहेंगे। कुछ दूध उत्पादक पर्याप्त लगन की कमी और लापरवाही के कारण हानि से भी ग्रसित है। प्रकृति की दशाएं भी इस व्यवसाय की सफलता और असफलता के लिए जिम्मेदार हैं, हालांकि बहुत कम स्तर पर।

ऐसे कुछ बिन्दु हैं, जो दूध उत्पादक को असफलता की ओर ले जाते हैं और उन्हें विफलता का सामना करना पड़ता है

* अच्छा बुनियादी ढांचा और पशुओं को चारा खिलाने की लागत की आवश्यकता।
* कुल खर्च और व्यापार में लाभ के बारे में लापरवाही।
* व्यापार और यहां तक कि पशुओं के गोबर सहित सभी उत्पादकों के बारे में अनुचित समझ।
* अनुचित प्रजनन प्रक्रिया और उच्च दुग्ध उत्पादन की आशाएं।
* सरकारी योजनाओं के बारे में किसानों के बीच में जागरूकता की कमी।

निश्चित उद्देश्य और रणनीति तय करें

दूध उत्पादन के व्यापार को शुरू करने से पहले आपको रणनीतियों, उद्देश्यों, योजनाओं को निर्धारित करने की आवश्यकता है। ऐसा करना, आपको सही रास्ते पर अपने व्यापार को चलाने में मदद करने के साथ ही असफलता के ऊपर सफलता के अवसर में वृद्धि करता है। दूध उत्पादन कोई आसान क्षेत्र नहीं है, क्योंकि यह लोगों के लिए खाद्यान्न उत्पादकों के व्यापार से संबंधित होता है। लोगों और खाद्यान उद्योग की ऊंची उम्मीदों के लिए दुग्ध उत्पादक व्यापारी के लिए सबसे पहला और महत्वपूर्ण उद्देश्य कच्चे दूध और दूध उत्पादकों की सुरक्षा और गुणवत्ता होना चाहिए। अनुकूल दशाओं के अंतर्गत अच्छी स्वास्थ्य दशाओं के सहित स्वस्थ पशुओं से स्वास्थ्यवर्धक दूध प्राप्त करने की निश्चितता होनी चाहिए।

वे लोग जो इस व्यवसाय में कार्यरत हैं, वे एक एकीकृत खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन प्रबंध प्रणाली के भी हिस्से होने चाहिए। अच्छी कृषि प्रणाली, स्वास्थ्य और पशुपालन प्रथाओं का पालन करने की आवश्यकता है। पशुओं को रोगों से बचाने के लिए इनकी देखभाल पर सबसे अधिक ध्यान देना चाहिए। व्यवसाय को शुरू करने से पहले उद्देश्यों को निर्धारित करना, प्रबंध के लिए आवश्यक सभी क्षेत्रों को घेरने में व्यापारी की मदद करते हैं।

दूध उत्पादन के व्यापार के लिए ध्यान देने वाले कुछ बिन्दु निम्नलिखित हैं

* बुनियादी ढांचा
* पशु प्रजातियां
* पशुओं का स्वास्थ्य और सुरक्षा
* दूध निकालते समय स्वच्छता
* पशुओं के चारे व पानी की व्यवस्था
* पशु कल्याण और अनुकूलतम वातावरण
* कुशल और ज्ञान रखने वाले कर्मचारी
* पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए प्रभावी नियंत्रक उपाय
* कुल व्यय और लाभ
* उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रभावी नियंत्रक बिन्दु
* व्यापार की योजना के लिए पशुओं के अनुकूल संरचना और स्थान

व्यापार को शुरू करने से पहले, किसी को भी दिन प्रतिदिन की गतिविधियों में मदद प्राप्त करने और पशुओं के लिए अच्छी हवादार रहने की जगह के लिए व्यापार के अनुकूल संरचना की योजना बनानी चाहिए। व्यवसाय की योजना बनाते समय पेशेवर विशेषज्ञों और एकाउंटेंट की सलाह लेना बेहतर है। यह व्यापार में सभी चुनौतियों को पूरा करने के लिए लचीला होना चाहिए।

मुख्य सचिव ने 'संपूर्णता सम्मान' पुरस्कारों की तैयारियों की समीक्षा की

श्रीनगर 26 जुलाई। मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने आगामी केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय 'संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह' की तैयारियों की समीक्षा हेतु योजना विभाग की एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

यह कार्यक्रम उन जिलों और प्रखंडों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है जिन्होंने राष्ट्रव्यापी संपूर्णता अभियान के तहत संतृप्ति प्राप्त करने में असाधारण प्रदर्शन किया है।

बैठक में योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. आशीष चंद्र वर्मा, महानिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी, निदेशक, योजना और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आकांक्षी जिलों के उपायुक्तों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

बैठक के दौरान, मुख्य सचिव ने कार्यक्रम के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय सम्मान समारोहों की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने उपायुक्तों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की, उनकी प्रगति की समीक्षा की और उन्हें इन आयोजनों की उचित व्यवस्था और गरिमापूर्ण संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अटल डुल्लू ने आकांक्षी जिलों और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रमों के तहत जिलों और ब्लॉकों के समग्र प्रदर्शन की भी समीक्षा की। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग, प्रमुख संकेतक संतृप्ति की स्थिति का आकलन किया और प्रशासनिक तंत्र के उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। उन्होंने दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रगति और केंद्रित हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल दिया।

तीन महीने के संपूर्णता अभियान (4 जुलाई-30 सितंबर, 2024) के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, मुख्य सचिव ने अधिकारियों और क्षेत्रीय टीमों के प्रयासों की सराहना की। नीति आयोग द्वारा शुरू किया गया यह अभियान स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, बुनियादी ढाँचे और आजीविका जैसे छह महत्वपूर्ण संकेतकों में 100 प्रतिषत संतृप्ति प्राप्त करने पर केंद्रित था।

विस्तृत जानकारी देते हुए, डॉ. आशीष चंद्र वर्मा ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के दोनों आकांक्षी ज़िलों, बारामूला और कुपवाड़ा ने सभी छह प्रमुख संकेतकों में संतृप्ति हासिल कर ली है। प्रदर्शन के आधार पर, बारामूला, कुपवाड़ा, बांदीपोरा, कुलगाम और रियासी सहित सभी छह संकेतकों में संतृप्ति हासिल करने वाले आकांक्षी ज़िलों के डीडीसी को स्वर्ण पदक के रूप में मान्यता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, पाँच संकेतकों में संतृप्ति हासिल करने वाले पुलवामा, रामबन और किश्तवाड़ ज़िलों के डीडीसी को रजत पदक और तीन संकेतकों में संतृप्ति हासिल करने वाले राजौरी ज़िले के डीडीसी को ताम्र पदक देने का प्रस्ताव किया गया है।

आकांक्षी ब्लॉकों में, तुलैल, सिंहपोरा, मंज़गाम, केरन और ढाकराकोट ने पूर्ण संतृप्ति हासिल कर ली है। तीन अन्य मारवा, खाड़ी और इचेगोज़ा ने पाँच संकेतकों में संतृप्ति हासिल कर ली है, जबकि ख्वास ने तीन में संतृप्ति हासिल कर ली है।

प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार भी दर्ज किया गया। इचेगोज़ा (पुलवामा) ने अपने समग्र स्कोर में 9.13 अंकों का सुधार किया और मार्च 2025 में रैंक 2 पर पहुँच गया। तुलैल (बांदीपोरा) ने 6.66 अंकों की वृद्धि के साथ 68.90 अंकों के साथ रैंक 8 हासिल की।

इस अभियान ने 44 चिन्हित पिछड़े ब्लॉकों के लगभग 12.64 लाख लोगों (लगभग 10.3 प्रतिषत जनसंख्या) पर सकारात्मक प्रभाव डाला, जिससे कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल आपूर्ति, सिंचाई और बिजली के बुनियादी ढाँचे जैसे क्षेत्रों में प्रगति हुई।

इन उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए, संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में जिला विकास आयुक्तों, ब्लॉक-स्तरीय अधिकारियों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

नई दिल्ली में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 में जम्मू-कश्मीर की धूम

नई दिल्ली 29 जुलाई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिवर्तनकारी लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भारत मंडपम, नई दिल्ली में प्रतिष्ठित अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के संबोधन से हुआ, जिन्होंने भारत में समावेशी और नवाचार-संचालित शिक्षा के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर की ओर से, शिक्षा, समाज कल्याण, स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा मंत्री सकीना इत्तू ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ स्कूल शिक्षा सचिव जम्मू-कश्मीर राम निवास शर्मा, स्कूल शिक्षा निदेशक कश्मीर डॉ. जी. एन. इत्तू, एसपीडी समग्र शिक्षा और एचएसएस पहलु कुलगाम, जम्मू-कश्मीर से इंस्पायर मानक पुरस्कार के दो यूटी टॉपर छात्र भी मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान मीडिया के साथ बातचीत में, कई अभिभावकों ने सभी हितधारकों के बीच, विशेष रूप से जमीनी स्तर की पहल के माध्यम से, एनईपी 2020 के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए केंद्र और जम्मू-कश्मीर सरकारों के सक्रिय प्रयासों की सराहना की।

अपने संबोधन में, सकीना इत्तू ने जम्मू-कश्मीर भर में आयोजित फएनईपी मेला-पैगामफ में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उच्च अधिकारियों और संस्थान प्रमुखों के समर्पित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस पहल ने एनईपी 2020 के संदेश को छात्रों, शिक्षकों और व्यापक समुदायों तक सफलतापूर्वक पहुँचाया है।

जम्मू-कश्मीर के स्कूली शिक्षा सचिव राम निवास शर्मा ने केंद्र शासित प्रदेश में एनईपी 2020 के प्रभावी और समय पर कार्यान्वयन के लिए सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया। उन्होंने राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप शिक्षा में गुणवत्ता, समावेशिता और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने पर ज़ोर दिया।

समागम में शामिल हुए कश्मीर स्कूल शिक्षा निदेशक डॉ. जी. एन. इत्तू ने नई दिल्ली से कश्मीर में एनईपी मेला 2025 के आयोजन की बारीकी से निगरानी की। मीडिया से बात करते हुए, डॉ. इत्तू ने कहा, फएनईपी 2020 के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए जम्मू और कश्मीर में 'पैगाम' शीर्षक से एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। अकेले कश्मीर घाटी में, लगभग 400 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 42,000 से अधिक छात्रों, 3,000 से अधिक शिक्षकों और संस्थानों के प्रमुखों के साथ-साथ बड़ी संख्या में समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया।

जम्मू-कश्मीर में रेलवे का नया युग- पटरियों से लेकर यात्री डिब्बों तक हो रहा तेजी से उन्नयन

भारतीय रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में रेल बुनियादी ढांचे को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक पहल की है। चिनाब और अंजी पुलों सहित उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना के उद्घाटन के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 06 जून 2025 को एक ऐतिहासिक कदम उठाया। इससे कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच रेल संपर्क संभव हो सका। कटरा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी इस मार्ग पर एक प्रमुख परिवहन साधन बन चुकी है।

रेल लाइनों के रखरखाव में भी अभूतपूर्व सुधार आया है। घाटी में टैम्पिंग मशीन और गिट्टी सफाई मशीनों की तैनाती से पटरियों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। एक टैम्पिंग मशीन ने अब तक लगभग 88 किलोमीटर ट्रैक पर कार्य किया है, जबकि चार गिट्टी सफाई मशीनों ने संयुक्त रूप से लगभग 14 किलोमीटर पटरियों की गहराई से स्क्रीनिंग की है। इसके साथ ही, कठुआ, काजीगुंड, माधोपुर और जींद से भेजे गए 17 गिट्टी रेक द्वारा 19,000 घन मीटर गिट्टी की आपूर्ति की गई है।

रेलवे पटरियों की गुणवत्ता आकलन के लिए ट्रैक रिकॉर्डिंग कार और ऑसिलेशन मॉनिटरिंग सिस्टम का उपयोग भी शुरू किया गया है। इन तकनीकी उपायों से रेलवे के ट्रैक की स्थिरता और सुरक्षा में बड़ा सुधार देखा गया है।

देशभर में रेलवे ट्रैकों का उन्नयन तेज़ी से हो रहा है। वर्ष 2025 तक 78त्न ट्रैक 110 किमी/घंटा या उससे अधिक गति के लिए सक्षम हो चुके हैं, जबकि यह आंकड़ा 2014 में मात्र 39त्न था। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने यह भी कहा कि एआई तकनीक का उपयोग ट्रैक में दोषों का पता लगाने और कर्मचारियों की कार्य स्थितियों में सुधार के लिए किया जाएगा।

सिर्फ पटरियां ही नहीं, बल्कि यात्री डिब्बों के उन्नयन पर भी जोर दिया गया है। पहले कश्मीर घाटी से रेकों को पीरियोडिक ओवरहॉलिंग के लिए लखनऊ सड़क मार्ग से भेजा जाता था, लेकिन अब उन्हें रेल मार्ग द्वारा सीधे भेजा जा रहा है। एक MEMU और एक ष्श्वरू रेक का उन्नयन कार्य पूरा हो चुका है, जबकि चार और रेकों पर कार्य प्रगति पर है।

रेक अपग्रेडेशन में नई पीयू पेंटिंग, बायो टॉयलेट्स, नई सीटें, मॉड्यूलर चार्जिंग सॉकेट, स्टैंडिंग हैंडल, पीवीसी फर्श, हॉपर विंडोज़, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और लाइट्स व पंखों की मरम्मत शामिल है। यह सभी कार्य 31 अगस्त, 2025 तक पूरे कर लिए जाएंगे।

इन पहलों से जम्मू-कश्मीर में रेल यात्रा न केवल अधिक सुरक्षित और आरामदायक होगी, बल्कि यह क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक प्रगति के लिए एक नई जीवनरेखा साबित होगी। भारतीय रेलवे की यह पहल राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

भेड़पालन विभाग, कश्मीर ने पैरा-पशु चिकित्सा पेशेवरों की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन किया

श्रीनगर 29 जुलाई। भेड़पालन विभाग, कश्मीर ने अखिल जम्मू-कश्मीर भेड़ एवं ऊन श्रमिक संघ के सहयोग से लाल मंडी में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें विभाग में पैरा-पशु चिकित्सा पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि उत्पादन, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, सहकारिता एवं चुनाव मंत्री जावीद अहमद डार ने की, जबकि सोनावाड़ी के विधायक हिलाल अकबर लोन और कृषि उत्पादन विभाग के प्रमुख सचिव शैलेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

संगोष्ठी के दौरान, संघ के अध्यक्ष ने पैरा-पशु चिकित्सा पेशेवरों के असीम समर्पण, विशेष रूप से कठोर सर्दियों के दौरान ऊँचाई वाले और दुर्गम इलाकों में उनके कार्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रदान की गई सेवाओं के लिए अतिरिक्त पारिश्रमिक की मांग सहित, कार्यबल के सामने आने वाली कई समस्याओं पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर बोलते हुए, जाविद डार ने पैरा-वेटरनरी कर्मचारियों की प्रतिबद्धता की सराहना की और उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी जायज़ मांगों पर विचार किया जाएगा और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने में पशुधन की अहम भूमिका है और किसानों की पशुधन संपदा की सुरक्षा में पैरा-वेटरनरी पेशेवरों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। सोनावाड़ी के विधायक हिलाल अकबर लोन ने भी पैरा-वेटरनरी स्टाफ के समर्पण की सराहना की और जमीनी स्तर पर प्रभावी सेवा वितरण सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका को रेखांकित किया।

सेमिनार के दौरान, मंत्री ने विभाग के क्षेत्रीय कार्यों को सुदृढ़ करने और किसानों को सेवा वितरण में सुधार लाने के लिए कश्मीर संभाग के जिलों में तैनात किए जाने वाले आठ नए पिकअप वाहनों को हरी झंडी दिखाई।

सेमिनार में भेड़ पालन निदेशक कश्मीर डॉ. रफीक अहमद शाह, कृषि निदेशक कश्मीर सरताज अहमद शाह, संयुक्त निदेशक (फार्म) डॉ. अजय सूदन, और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ पैरा-वेटरनरी स्टाफ और अधिकारियों ने भी भाग लिया।